mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-05 अंक-311 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

12 नवंबर 2025 बुधवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



आईपीएस बनना चाहते थे...

@ पेज 7

## हरियाणा में धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा की सुरक्षा बढ़ाई



**फरीदाबाद,एजेंसी।** हरियाणा में बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 'सनातन एकता पदयात्रा' ने आज (11 नवंबर) चौथे दिन में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को यात्रा फरीदाबाद पार कर पलवल में एंटर हो गई। आज पूरे दिन पलवल में ही पदयात्रा चलेगी। मितरोल गांव में रात्रि विश्राम होगा।

सोमवार को यात्रा ने करीब 15 किमी की दूरी तय की। इसके बाद पलवल के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पदयात्रा में शामिल लोगों को ठहराया गया। आज की यात्रा यहीं से सुबह 8 बजे शुरू हुई।

## देहरादून में लड़ाकू विमान सुखोई की इमरजेंसी लैंडिंग, इंजन से तेल का रिसाव हुआ



**देहरादून,एजेंसी।** देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान की तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। इस फाइटर जेट ने बीते कल यानी सोमवार को बरेली से उड़ान भरी थी। सूत्रों के मुताबिक, उड़ान के दौरान विमान के एक इंजन से तेल का रिसाव शुरू हो गया था, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ से यह कदम उठाया।

एयरपोर्ट पर उतरने के बाद इस विमान को टर्मिनल से कुछ दूर वीआईपी गेस्ट हाउस के सामने सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया है। बरेली से इंजीनियरों की टीम देहरादून एयरपोर्ट पहुंच गई है, जिसके बाद विमान की तकनीकी खामी दूर करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

**एयरपोर्ट निदेशक बोले- मरम्मत का काम शुरू :** इससे पहले अप्रैल 2018 में सुखोई विमानों ने दून एयरपोर्ट पर कुछ दिनों तक प्रैक्टिस करते हुए उड़ान भरी थी। लेकिन यह पहला मौका है जब किसी तकनीकी खामी के कारण सुखोई विमान ने देहरादून एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की है।

## ईशा देओल बोलीं- धर्मेंद्र के निधन की खबरें गलत,उनकी हालत स्थिर



**मुंबई,एजेंसी।** एक्टर धर्मेंद्र (89) की बेटी ने उनके निधन की खबर को गलत बताया है। ईशा ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा- मीडिया पूरी तरह गलत खबरें फैला रहा है। पापा की हालत स्थिर है और वे रिकवर कर रहे हैं। हम सभी से निवेदन करते हैं कि हमारे परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करें। पापा की जल्दी सेहतमंदी के लिए दुआ करने के लिए धन्यवाद।÷

हेमा मालिनी ने भी निधन की खबरें सामने आने के बाद नाराजगी जताते हुए लिखा-

जो हो रहा है, वह माफ करने लायक नहीं है। जिम्मेदार चैनल किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी खबरें कैसे फैला सकते हैं जो इलाज का जवाब दे रहा है और ठीक हो रहा है?

## जयराम रमेश ने की दिल्ली में ग्रेप पर अति-निर्भरता की आलोचना

### सालभर प्रदूषण नियंत्रण की मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद केंद्र सरकार की ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP-III) की गाइडलाइंस लागू कर दी गई हैं। इस बीच, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की इस योजना पर अति-निर्भरता को लेकर चिंता जताई और सालभर ठोस उत्सर्जन नियंत्रण कार्रवाई की जरूरत बताई। रमेश ने कहा कि दिल्ली में हर साल सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण के हालात बिगड़ते हैं, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया केवल आपातकालीन कदमों तक सीमित रह गई है।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा दिल्ली में GRAP-III लागू किया गया है। 2014 से 2017 के बीच सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण संकट को देखते हुए इस योजना को मंजूरी दी थी। उम्मीद थी कि समय के साथ यह कम जरूरी होगी क्योंकि सालभर उत्सर्जन में कमी आएगी, लेकिन अब यह पूरी तरह 'रिएक्टिव' हो चुकी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को संकट प्रबंधन के बजाय संकट से बचाव पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा हालात जारी रहे, तो दिल्ली को राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए अब भी अपने PM2.5 स्तर में 60त्न से अधिक की कमी लानी होगी। रमेश ने कहा दिल्ली को साफ हवा के लिए सख्त और बहु-क्षेत्रीय कदम उठाने होंगे।

## दिल्ली में आज से शुरू होगी भारत-नेपाल सीमा वार्ता; जेन जेड प्रदर्शन के बाद पहली बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और नेपाल के बीच वार्षिक सीमा वार्ता 12 नवंबर से दिल्ली में शुरू होगी। यह बैठक तीन दिनों तक चलेगी और दोनों देशों के शीर्ष सुरक्षा बलों भारत के सशस्त्र सीमा बल (SSB) और नेपाल के आर्म्ड पुलिस फोर्स (APF) के प्रमुख इसमें शामिल होंगे। यह बैठक खास इसलिए मानी जा रही है क्योंकि यह सितंबर में काठमांडू में हुए 'जेन जेड' प्रदर्शन के बाद दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच पहली उच्च स्तरीय वार्ता होगी।

**बैठक का एजेंडा-** वार्ता में सीमा पार अपराधों पर रोक, रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने की प्रणाली और दोनों देशों के बीच समन्वित सीमा प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह बैठक सीमा पर शांति और सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम साबित होगी।

### आजाद होगा निठारी हत्याकांड का मुख्य दोषी सुरेंद्र कोली

## सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी केस में भी बरी किया; 10 मामलों में मिली थी मौत की सजा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने ने मंगलवार को नोएडा में 2005-2006 के निठारी हत्याकांड से जुड़े हत्या और रेप कसे में सुरेन्द्र कोली को बरी कर दिया है। कोर्ट ने सुरेंद्र की उस क्यूरेटिव पिटीशन को मंजूरी दे दी, जिसमें उसने खुद को दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर किया था।

फरवरी 2011 में 15 साल की एक लड़की की हत्या के मामले में कोली की दोषसिद्धि को सुप्रीम कोर्ट ने ने बरकरार रखा था। हालांकि, इलाहाबाद हाईकोर्ट सेबाकी 12 मामलों में बरी किए जाने के बाद उसने इस साल एक बार फिर क्यूरेटिव पिटीशन लगाई थी। CJI बीआर गंवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ



की बेंच ने कोली की दोषसिद्धि को खारिज करते हुए कहा कि उसके तत्काल रिहा किया जाए।

**वकील बोले- बड़ी मछली को बचाने गरीब को फंसाया :** सुरेंद्र के वकील युग मोहित चौधरी कहते हैं, 19 साल बाद, जिन 13 मामलों में उसे मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें से 12 में वह पहले ही निर्दोष साबित हो चुका था। एक मामला बचा था, जिसमें पांच अदालतों ने उसे दोषी घोषित कर मौत की सजा सुनाई थी। आज सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले में भी पहले के फैसलों को पलट दिया है। इस बेचारे को किसी ताकतवर व्यक्ति को बचाने के लिए फंसाया गया था।

### आखिरी केस में कब या हुआ

कोली को नोएडा के निठारी गांव में 15 साल की एक लड़की के बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और फरवरी 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी सजा बरकरार रखी थी। उसकी पुनर्विचार याचिका 2014 में खारिज कर दी गई थी। हालांकि, जनवरी 2015 में, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उसकी दया याचिका पर फैसले में हद से ज्यादा देरी के कारण उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। अक्टूबर 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी के कई दूसरे मामलों में कोली और पंढेर को बरी कर दिया। 2017 में निचली अदालत से मिली मौत की सजा को पलट दिया। अदालत ने कोली को 12 मामलों में और पंढेर को दो मामलों में बरी कर दिया। सीबीआई और पीड़ित परिवारों ने बाद में इन बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन अदालत ने 30 जुलाई को सभी 14 अपीलों को खारिज कर दिया। 7 अक्टूबर को कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि दोषसिद्धि केवल एक बयान और रसोई के चाकू की बरामदगी के आधार पर की गई थी। बाकी मामलों में बरी किएजाने के कारण विषम स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## दावा : दिल्ली ब्लास्ट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल डेटोनेटर का इस्तेमाल,मरने वालों की संख्या 12 हुई

### 40 और लोग हिरास्त में; गृह मंत्रालय ने धमाके की जांच एनआईए को सौंपी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। 20 घायलों का इलाज चल रहा है। दो शवों की पहचान हो गई है। बाकी की पहचान DNA टेस्ट से की जाएगी।

सोमवार शाम 6.52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास चलती कार में जोरदार धमाका हुआ। ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया।

मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया। उसका नाम डॉ. मो. उमर नबी बताया जा रहा है। ये पुलवामा का रहने वाला है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक उमर ने विस्फोटकों के साथ खुद को उड़ा लिया। उसके डीएनए टेस्ट के लिए कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसकी मां और दो भाई को हिरासत में लिया है।

न्यूज एजेंसी ने बताया कि पुलिस को शुरुआती जांच से पता चला है कि विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया।

इधर 2 दिन के भूटान दौरे पर गए पीएम मोदी ने दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- पूरा देश दिल्ली विस्फोट से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

अल फलाह यूनिवर्सिटी के 3 कर्मचारी हिरासत में, डॉ. उमर यही पढ़ाता था

अल फलाह यूनिवर्सिटी की लैब से पुलिस ने 3 कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

**अल फलाह यूनिवर्सिटी में पुलिस तैनात, मस्जिदों में भी तलाशी :** फरीदाबाद पुलिस ने अल फलाह यूनिवर्सिटी की घेराबंदी कर दी है। बाहर भारी संख्या में फोर्स तैनात है। अंदर जांच हो रही है। 2900किलो विस्फोटक के मामले में अरेस्ट 3 डॉक्टरों का संबंध इस यूनिवर्सिटी से निकला था।

### धमाके के बाद दिल्ली समेत कई शहरों में हाई अलर्ट, गृह मंत्री अमित शाह ने की उच्च स्तरीय बैठक



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सोमवार की शाम दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद दिल्ली समेत देश के कई शहरों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में कई शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर तपन डेका, दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा और एनआईए के डीजी सदानंद वसंत शामिल हुए। जम्मू और कश्मीर के छ्वत्रक्कनलिन प्रभात भी वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान शीर्ष अधिकारियों ने दिल्ली धमाके के बाद की स्थिति पर विस्तार से प्रजेंटेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम को रेड फोर्ट मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर एक धीमी गति से चल रही कार में ब्लास्ट हुआ, जिसमें 12 लोग मारे गए और कई गाड़ियां जल गईं।

### दिल्ली ब्लास्ट-सीसीटीवी में पुलवामा का डॉक्टर कार चलाते दिखा

#### दावा- फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था; 3 डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद धमाका किया



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सफेद रंग की जिस हुंडई आई-20 कार में धमाका हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का मास्क पहने एक शख्स पार्किंग एरिया से कार लेकर निकलता दिखाई दिया। सूत्रों के अनुसार, कार में बैठा संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा पेशे से डॉक्टर मोहम्मद उमर नबी से मेल खाता है। डॉक्टर उमर पुलवामा का रहने वाला है। डॉ. उमर फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में फैकल्टी था। उस पर जैश-ए-मोहम्मद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है वह हरियाणा के फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था। दिल्ली में धमाके से कुछ घंटे पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 3 तीन डॉक्टरों सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 2,900किलो विस्फोटक, एक असॉल्ट और एक एके-47 राइफल जब्त हुए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें जैश से जुड़े 4 डॉक्टरों की तलाश थी। इनमें डॉ. उमर भी शामिल था। दावा है कि 3 डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद उमर ने दिल्ली में आत्मघाती हमले को अंजाम दिया।

## पाकिस्तान में फिदायीन हमला, पीएम शहबाज बोले- भारत ने कराया

### पाक रक्षा मंत्री का अलग दावा- अफगानिस्तान जिम्मेदार, इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लास्ट में 12 की मौत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अलग-अलग दावे किए हैं।

पीएम शहबाज ने इस हमले के लिए भारत को जिम्मेदार बताया है। जबकि रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान सरकार पर हमले का आरोप लगाया।

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार दोपहर फिदायीन हमला हुआ था। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 घायल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई।

**धमाके के बाद अदालत परिसर को खाली कराया गया:** धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया। वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। न्यायिक परिसर के पीछे से लोगों को बाहर जाने की अनुमति दी गई, जबकि न्यायाधीशों को भी वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया।

**एक दिन पहले आर्मी ने कॉलेज पर हमले की साजिश नाकाम की थी:** इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कॉलेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था।

सेना की कार्रवाई में 2 आतंकी मारे गए थे, जबकि 3 आतंकी कॉलेज कैंपस में घुसने के बाद एक इमारत में घिर गए। पुलिस अधिकारी आलमगीर महसूद के मुताबिक, सभी कैडेट, प्रशिक्षक और स्टाफ सुरक्षित हैं। हालांकि इस हमले में करीब 16 नागरिक और कुछ सैनिक घायल हुए और कॉलेज के पास बने कई घरों को भी नुकसान पहुंचा।

**इस्लामाबाद कोर्ट परिसर में 7 दिन पहले धमाका हुआ था:** इससे 7 दिन पहले 4 नवंबर को इस्लामाबाद में सुप्रीम कोर्ट भवन के बेसमेंट कैंटीन में एक जोरदार गैस सिलेंडर धमाका हुआ था। इसमें 12 लोग घायल हुए थे। धमाके की आवाज पूरे भवन में गूंजी, जिससे जजों, वकीलों, स्टाफ और विजिटर्स में दहशत फैल गई थी। कोर्ट की कार्यवाही तुरंत रोक दी गई और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पीआईएमएस और पॉलीक्लिनिक अस्पताल पहुंचाया। इस्लामाबाद पुलिस के आईजी अली नासिर रिजवी ने बताया कि धमाका सुबह 10:55 बजे कैंटीन के बेसमेंट में हुआ था। कई दिनों से गैस लीक की शिकायत थी, जो एयर कंडीशनिंग सिस्टम की मरम्मत के दौरान फट गया। ज्यादातर घायल टेक्नीशियन थे। बम डिस्पोजल स्क्वॉड ने जांच की और बताया था इसमें कोई विस्फोटक शामिल नहीं था।

### दिल्ली लास्ट पर भूटान में भावुक हुए मोदी

## कहा- बम बलास्ट के दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा





**थिम्पू, एजेंसी।** पीएम मोदी ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट को लेकर कहा कि इस घटना में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। मोदी 2 दिन के दौरे पर आज ही भूटान पहुंचे हैं। उन्होंने स्पीच देते हुए कहा कि वे यहां पर भारी मन से आए हैं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना से सभी के मन को दुखी कर दिया है।

मोदी ने आगे कहा, इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जो भी जिम्मेदार हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी।

**दिल्ली ब्लास्ट में 9 की मौत, भूटान में लोगों ने प्रार्थना की :** मोदी सोमवार को दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट को लेकर भावुक हो गए। मोदी ने मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दोषियों को सजा देने की बात कही। दरअसल, सोमवार शाम 6.52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास चलती कार में जोरदार धमाका हुआ। इसमें अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 24 घायल हैं। दिल्ली पुलिस ने विस्फोट को लेकर UAPA के तहत FIR दर्ज की है। सुरक्षा एजेंसियों ने आत्मघाती हमले के एंगल से भी जांच शुरू कर दी है। हालांकि, मौके से आरडीएक्स के सबूत नहीं मिले हैं। भूटान के महामहिम नरेश ने थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में हजारों भूटानी लोगों के साथ दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की।

**मोदी बोले- हमारे पूर्वजों की प्रेरणा वसुधैव कुटुम्बकम :** मोदी ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारत में हमारे पूर्वजों की प्रेरणा रही है। इसका मतलब है- पूरी दुनिया एक परिवार है। पीएम ने कहा कि भारत ने इसी भावना के साथ भूटान में आयोजित ग्लोबल पीस प्रेयर फेस्टिवल में भाग लिया है। आज दुनिया भर के संत विश्व शांति के लिए एक साथ प्रार्थना कर रहे हैं, और इन प्रार्थनाओं में 140 करोड़ भारतीयों की भी प्रार्थनाएं शामिल हैं। इसके अलावा मोदी ने कहा, मैं आज इस मंच से एक और महत्वपूर्ण घोषणा कर रहा हूं। भविष्य में, भारत विजिटर्स और इनवेस्टर्स की सुविधा के लिए गेलेफू के पास एक इमिग्रेशन चेक प्वाइंट भी बनाएगा।

### मोदी बोले- भूटान के साथ मिलकर सैटेलाइट बना रहे

मोदी ने भूटान-भारत रिश्तों पर कहा कि, हम मिलकर एक सैटेलाइट भी बना रहे हैं। यह भारत और भूटान दोनों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मोदी ने आगे कहा कि भारत-भूटान संबंधों की एक बड़ी ताकत हमारे लोगों के बीच आध्यात्मिक संबंध हैं। दो महीने पहले, भारत के राजगीर में रॉयल भूटानी मंदिर का उद्घाटन किया गया था। अब, यह पहल भारत के दूसरे हिस्सों में भी की जा रही है। दरअसल, भूटान के लोग वाराणसी में एक भूटानी मंदिर और धर्मशाला चाहते थे। भारत सरकार इसके लिए जमीन उपलब्ध करा रही है। मोदी ने बताया कि, इन मंदिरों के जरिए हम अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत कर रहे हैं। मेरी कामना है कि भारत और भूटान शांति, समृद्धि और साझा प्रगति के पथ पर बढ़ते रहें।

# दिल्ली धमाके पर दुनिया की नजर, ब्रिटेन से अमेरिका तक जानें वैश्विक मीडिया ने क्या-क्या कहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के मीडिया ने दिल्ली धमाकों पर विस्तृत खबरें दी हैं। ज्यादातर ने 17 वीं शताब्दी के मुगल निर्मित लाल किले के लिए दुनिया भर के पर्यटकों की दिवानगी का भी जिक्र किया तो कई ने देश भर के कई शहरों के हाई अलर्ट पर होने को प्रमुखता दी है। द न्यूयॉर्कटाइम्स ने हेडिंग दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके में जानलेवा विस्फोट की खबर से लिखा कि पुलिस ने कार विस्फोट में लोगों की मौत की पुष्टि की है, लेकिन उसने सटीक संख्या नहीं बताई और न ही विस्फोट के कारणों का खुलासा किया। सोमवार को शाम के व्यस्त समय में दिल्ली के एक भीड़भाड़ वाले इलाके में एक कार में विस्फोट हो गया। यह विस्फोट भारत की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला इलाके के पास एक मेट्रो स्टेशन के पास हुआ, जहां अक्सर भीड़ रहती है और यह पुराने शहर के बड़े बाजारों की ओर जाता है।


**बीबीसी- हजारों पर्यटक लाल किले के दीदार को हैं पहुंचते :** ब्रिटिश मीडिया बीबीसी ने लिखा, भारत की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए धमाके से राजधानी दहल उठी। कम से कम 8 लोगों की मौत की आशंका। ब्रिटिश मीडिया ने लिखा, देश भर के कई शहरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

**धमाके की वजह का पता नहीं- द डॉन :** पाकिस्तानी अखबार द डॉन ने लिखा, दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें 8 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। धमाका पुरानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुआ। धमाके की वजह का अभी पता नहीं चल सकी है। इसके साथ पीएम की प्रतिक्रिया भी साझा की है। द गार्डियन- भारत के पीएम लाल किले से देते हैं स्वतंत्रता दिवस का सालाना भाषण द गार्डियन ने लिखा दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किला स्मारक के बाहर एक कार विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। लाल किला 17वीं सदी का एक विशाल मुगल महल है और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। और यहीं पर प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर वार्षिक भाषण देते हैं।

**अलजजीरा- मुंबई में उच्च सुरक्षा अलर्ट जारी :** कतर मीडिया अलजजीरा ने लिखा नई दिल्ली के लाल किले के पास भीड़भाड़ वाली सड़क पर हुआ जानलेवा विस्फोट, पुलिस का कहना है कि भारतीय राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास हुए एक कार विस्फोट में कम से कम आठ लोग मारे गए हैं। स्थानीय टेलीविजन चैनलों ने बताया कि सोमवार को हुए इस विस्फोट में कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, विस्फोट के बाद पड़ोसी उत्तर प्रदेश और भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में उच्च सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**सीएनएन- पूरे भारत में विरासत स्थल समेत कई प्रमुख क्षेत्र हाई अलर्ट पर:** सीएनएन ने लिखा, सोमवार को भारतीय राजधानी दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लाल किला स्मारक के पास एक मेट्रो स्टेशन के पास हुए एक कार विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अनुसार, विस्फोट के बाद पूरे भारत में हवाईअड्डे, रेलवे स्टेशन, सरकारी भवन, विरासत स्थल और अन्य प्रमुख क्षेत्र हाई अलर्ट पर हैं।

## चिंताजनक : अक्तूबर तीसरा सबसे गर्म महीना, समुद्री बर्फ का विस्तार घटा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** धरती की ठंडी सांसें अब गर्म हो चली हैं। यूरोपीय एजेंसी कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) की ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अक्तूबर 2025 वैश्विक इतिहास का तीसरा सबसे गर्म महीना रहा। इस दौरान औसत वैश्विक तापमान 15.14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औद्योगिक युग से पहले की तुलना में 1.55 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि वर्ष 2025 संभवतः पृथ्वी के तीन सबसे गर्म वर्षों में शामिल होगा और यह स्पष्ट संकेत है कि अब जलवायु परिवर्तन भविष्य की चिंता नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई बन चुका है। सी3एस की रिपोर्ट के अनुसार अक्तूबर 2025 का तापमान 1991 से 2020 के औसत से 0.70 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। यदि पिछले 12 महीनों नवंबर 2024 से अक्तूबर 2025 का औसत देखें तो वैश्विक तापमान औद्योगिक काल से पहले की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यानी वह सीमा जिसके आगे जलवायु प्रभाव अपरिवर्तनीय माने जाते हैं।

यूरोपीय एजेंसी की उपनिदेशक डॉ. सामंथा बर्गेस के अनुसार हम अब उस दशक में हैं जहां डेढ़ डिग्री की सीमा केवल पार नहीं होगी, बल्कि पीछे छूट जाएगी। अक्तूबर 2025 भले सबसे गर्म महीना न हो, लेकिन यह साफ संकेत है कि धरती अब तेजी से बदल रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि भले ही 2025 अब तक का सबसे गर्म वर्ष न बने, पर यह 2023 और 2024 के साथ मिलकर पृथ्वी के तीन सबसे गर्म वर्षों की सूची में जरूर शामिल होगा। अनुमान है कि इन तीन वर्षों का औसत तापमान पहली बार 1.5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाएगा जो जलवायु इतिहास में अभूतपूर्व होगा।

**ध्रुवों पर पिघलती उम्मीदें :** आर्कटिक में अक्तूबर के दौरान समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से 12% कम रहा। यह जलवायु इतिहास में इतिहास में तीसरा सबसे कम स्तर था। अंटार्कटिका में स्थिति और भी गंभीर रही। वहां समुद्री बर्फ औसत से 6% कम रही, जो अब तक की तीसरी सबसे कम मात्रा है। विशेष रूप से बेलिंग्सहाउजेन सागर और हिंद महासागर क्षेत्र के आसपास तापमान सामान्य से कहीं अधिक दर्ज हुआ। असमान वर्षा, असमान भविष्य में मौसम का मिजाज पूरी तरह बिखरा हुआ दिखा।

## BSF: सीमा पार से आने वाले ड्रोन को मार गिराएगा महिलाओं का दुर्गा ड्रोन स्क्वाड्रन, सीमा सुरक्षा में नई मिसाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ की महिला जवान, सीमा पार से आने वाले ड्रोन को मार गिराएंगी। बीएसएफ द्वारा इसके लिए पहले महिला ड्रोन स्क्वाड्रन, जिसे दुर्गा ड्रोन स्क्वाड्रन का नाम दिया गया है, की ट्रेनिंग जोर-शोर से चल रही है। यह ट्रेनिंग बल के ग्वालियर स्थित स्कूल ऑफ ड्रोन वॉरफेयर में प्रदान की जा रही है। इस ट्रेनिंग का मकसद, महिला जवानों को आधुनिक तकनीक से लैस कर सीमा प्रबंधन और सुरक्षा में उनकी सक्रिय भागीदारी को ज्यादा सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान, महिला प्रहरियों को ड्रोन उड़ाने, नियंत्रित करने और निगरानी मिशनों के लिए डेटा एकत्रित करने की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। बीएसएफ के मुताबिक, डीजी दलजीत चौधरी की प्रेरणा से सीमा सुरक्षा बल के इतिहास में यह एक नया अध्याय जुड़ गया है। वर्तमान समय में युद्ध, बल से नहीं, बल्कि तकनीक से लड़ा जा रहा है। महिलाओं की तीन विशेषताएं, धैर्य-सटीकता-दृढ़ता को पहचान कर ड्रोन संचालित ऑपरेशन में उनकी विशेष भूमिका को समाहित करने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, अकादमी के निदेशक डॉ. शमशेर सिंह, आईपीएस, एडीजी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रारंभ किया गया है। इस ट्रेनिंग का मकसद, प्रशिक्षुओं को सीमा पार से आने वाले ड्रोन खतरों से निपटने के उपाय, इलेक्ट्रॉनिक डिटेक्शन और रेस्पांस सिस्टम की जानकारी दी जा रही है। ड्रोन के माध्यम से खोज-बचाव कार्यों और आपदा परिस्थितियों में सहायता के लिए तकनीकी दक्षता विकसित की जा रही है। यह विशेष ड्रोन प्रशिक्षण न केवल, महिला प्रहरियों की तकनीकी क्षमताओं को निखारने का माध्यम है, बल्कि उन्हें भविष्य की स्मार्ट सीमा सुरक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनने की दिशा में अग्रसर करता है। इस ट्रेनिंग से महिला स्क्वाड्रन, आधुनिक तकनीक, डेटा आधारित निर्णय क्षमता और आत्मनिर्भरता के उस स्तर तक पहुंच रही है, जहां वे हर परिस्थिति में तेजी, सटीकता और आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगी। ड्रोन तकनीक से महिला जवान अब सीमाओं की निगरानी को अधिक सटीक, तीव्र और व्यापक बना सकेंगी। ट्रेनिंग से महिला स्क्वाड्रन, रियल टाइम इंटेलिजेंस, डेटा विश्लेषण और निर्णय क्षमता में दक्ष होगी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

## दक्षिण कोरिया का नया कार्बन कटौती लक्ष्य कंपनियों को पहले चुनौती, बाद में बड़ा लाभ मिलेगा



**सियोल, एजेंसी।** एक्सपर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया का अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने का लक्ष्य हासिल करना इतना आसान नहीं होगा। दुनिया की अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता के बीच, कंपनियों को शुरुआत में काफी मुश्किलें आएंगी, लेकिन यही लक्ष्य लंबे समय में बहुत बड़ा मौका भी देगा। इससे दक्षिण कोरिया पूरी तरह हरित ऊर्जा और पर्यावरण-अनुकूल व्यवसाय की ओर बढ़ सकेगा, जिससे आगे चलकर कंपनियों को बहुत फायदा होगा। सोमवार को, कार्बन तटस्थता और हरित विकास पर राष्ट्रपति आयोग ने कहा कि उसने 2035 तक दक्षिण कोरिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 2018 के स्तर से 53-61 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य को मंजूरी दे दी है।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में स्वीकृत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्य का आधिकारिक तौर पर ब्राजील के बेलेम में 30वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी30) में अनावरण किया जाएगा। यह सोमवार से शुरू होकर 21 नवंबर तक चलेगा। व्यापार समुदाय को डर है कि कार्बन कटौती योजना ऑटोमोबाइल, स्टील, पेट्रोकेमिकल और सीमेंट सहित प्रमुख उद्योगों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकती है, क्योंकि उन्हें कार्बन कटौती सुविधाओं के निर्माण और उत्सर्जन क्रेडिट खरीदने में अधिक वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ेगा।

14 बिजनेस लॉबियों के एक ग्रुप ने एक संयुक्त बयान में कहा, वैश्विक आर्थिक परिवेश में बदलावों, जिनमें अमेरिकी टैरिफ नीतियां भी शामिल हैं, के साथ तालमेल बिठाना एक जरूरी मुद्दा बन गया है। लेकिन 2035 तक 53 से 61 प्रतिशत तक उत्सर्जन में कमी का लक्ष्य निर्धारित करना कंपनियों के लिए एक बड़ा बोझ होगा। कई बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन ने कहा कि उत्सर्जन में कमी लाने वाली संबंधित तकनीकों का अभी तक पूरी तरह से व्यावसायीकरण नहीं हुआ है।

## शेख हसीना ने दिल्ली लाल किला ब्लास्ट की कड़ी निंदा की, आतंकवाद को मानवता का दुश्मन बताया



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए भीषण हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे किसी भी परिस्थिति में अस्वीकार्य बताया। हसीना की यह टिप्पणी सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी कार में हुए विस्फोट के बाद आई है। विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। विस्फोट के प्रभाव से आस-पास के कई वाहन आग की चपेट में आ गए और आसपास की स्ट्रीट लाइटें और खड़ी कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हसीना ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हसीना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, आधुनिक दुनिया में चरमपंथी आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। ये चरमपंथी आतंकवादी समूह एक धर्मनिरपेक्ष, मानवीय और कल्याणकारी राज्य की नींव पर प्रहार करते हैं। पाकिस्तान में जड़ें जमाए ये आतंकवादी समूह बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों में अपने नेटवर्क में घुसपैठ कर चुके हैं और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने के लिए भारत में हमले कर रहे हैं।

यह बयान अवामी लीग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया गया था। उन्होंने आगे कहा, हमें इन आतंकवादियों का विरोध करना चाहिए और लोगों के बीच संबंध मजबूत करके दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखनी चाहिए। बांग्लादेश अवामी लीग आतंकवाद के खिलाफ इस सैद्धांतिक संघर्ष में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पूरा समर्थन देती है। हसीना ने इस बात पर जोर दिया कि मानवता के खिलाफ ऐसे जघन्य अपराधों के लिए आज की सभ्य दुनिया में कोई जगह नहीं है और न ही वे माफी के हकदार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद की जड़ें जहां कहीं भी हों, उन्हें जड़ से मिटा दिया जाना चाहिए। हसीना ने कहा, बांग्लादेश और अन्य जगहों पर इन आतंकवादी समूहों का समर्थन करने वाले लोग मानवता के दुश्मन हैं और हम उनकी कड़ी निंदा भी करते हैं।

## ताइवान को लेकर जापान-चीन में तीखी जुबानी जंग, जापानी प्रधानमंत्री के बयान पर भड़का ड्रैगन



**टोक्यो / बीजिंग, एजेंसी।** ताइवान को लेकर जापान और चीन के बीच सोमवार को कड़ा राजनयिक विवाद छिड़ गया। मामला तब शुरू हुआ जब जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने कहा कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो वह जापान के लिए अस्तित्व को खतरे में डालने वाली स्थिति होगी, जिसमें जापान को आत्मरक्षा के लिए सैन्य बल का प्रयोग करना पड़ सकता है। यह बयान चीन को बेहद नागवार गुजरा। बीजिंग ने इसे अपने आंतरिक मामलों में दखल बताते हुए सख्त आपत्ति दर्ज कराई।

**चीनी अधिकारी की धमकी भरी पोस्टः** विवाद उस वक्त और बढ़ गया जब ओसाका में चीन के कौंसुल जनरल शुए जियान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बेहद आपत्तिजनक पोस्ट डाली। उन्होंने लिखा, जो गंदा गला हमारी ओर झपटा है, उसे बिना झिझक काट देना ही एकमात्र विकल्प है। क्या आप तैयार हैं? यह पोस्ट ताकाइची के ताइवान संबंधी बयान के संदर्भ में थी। बाद में इसे हटा दिया गया, लेकिन तब तक मामला तूल पकड़ चुका था।

**जापान की कड़ी प्रतिक्रियाः** जापान सरकार ने तुरंत चीन से कड़ा विरोध दर्ज कराया। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने कहा, भले ही पोस्ट का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह टिप्पणी बेहद अनुचित और अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि जापान के विदेश मंत्रालय ने चीन को औपचारिक रूप से विरोध पत्र सौंपा और पोस्ट हटाने की मांग की।

**चीन का बचाव- यह निजी पोस्ट थी :** बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि शुए जियान की पोस्ट एक निजी टिप्पणी थी, जो जापानी प्रधानमंत्री के खतरनाक और गलत बयानों पर की गई थी। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, कुछ जापानी राजनेता ताइवान को चीन से अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। वे जनता को भ्रमित कर रहे हैं और मुद्दे से ध्यान भटका रहे हैं। लिन ने आगे कहा कि चीन ने ताकाइची के बयान पर जापान से औपचारिक और सख्त शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पूछा, क्या जापान चीन के मूल हितों को चुनौती देना चाहता है? क्या वह चीन-जापान संबंधों को गलत दिशा में ले जाना चाहता है?

**क्या है विवाद की जड़ः** शुक्रवार को संसद में ताकाइची से पूछा गया था कि किन परिस्थितियों में जापान अस्तित्व को खतरे में डालने वाली स्थिति घोषित कर सकता है। इस पर उन्होंने जवाब दिया, अगर चीन ताइवान की नाकेबंदी करता है या अमेरिकी सेनाओं को आने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई करता है, तो वह स्थिति हमारे अस्तित्व के लिए खतरा मानी जा सकती है। इस बयान को उनके पूर्ववर्तियों के रुख से काफी अलग और आक्रामक माना गया। विवाद बढ़ने के बाद ताकाइची ने सफाई दी कि उन्होंने सरकारी नीति की सीमा के भीतर ही बात की थी।

**हालिया मुलाकात के बावजूद नावः** कुछ ही दिन पहले, सियोल में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान ताकाइची और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई थी, जो दिखने में सौहार्दपूर्ण रही थी। लेकिन उसी सम्मेलन में ताकाइची ने ताइवान के प्रतिनिधि से भी अलग मुलाकात की, जिसने चीन को नाराज कर दिया। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे मिलाने के लिए बल प्रयोग से इंकार नहीं करता।

## सीएनजी सिलेंडर में धमाके की बात गलत, सरकार ने कहा- ये दावा फर्जी ; जनता से की अलर्ट रहने की अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमवार की शाम दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद इसे लेकर तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट में दावा किया गया कि दिल्ली में हुआ विस्फोट सीएनजी सिलेंडर में हुआ धमाका था और इस दावे के पक्ष में कहा गया कि दिल्ली के स्पेशल सीपी (कानून व्यवस्था) रविंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अब सरकार ने इस दावे को खारिज कर दिया है। सरकार ने आधिकारिक जानकारी ही साझा करने की अपील की पीआईबी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बताया गया है कि सीएनजी सिलेंडर में धमाके की बात फर्जी है। दिल्ली पुलिस के किसी भी अधिकारी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। घटना की जांच चल रही है। साथ ही लोगों से अलर्ट रहने की अपील की गई है और कहा गया है कि बिना किसी आधिकारिक और पुष्ट जानकारी के बिना कोई भी पोस्ट साझा न करें। पीआईबी के अकाउंट पर साझा एक पोस्ट में कहा गया है कि दिल्ली धमाके की कुछ फर्जी तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही हैं। कुछ तस्वीरों को दिल्ली धमाके की तस्वीरें बताया जा रहा है, लेकिन वे लेबनान में साल 2024 में हुए धमाके की हैं। सरकार ने अपील की कि विश्वसनीय जानकारी ही सोशल मीडिया पर साझा करें।

**सोमवार शाम लाल किला के पास हुआ धमाका :** लाल किला के पास सोमवार शाम हुए धमाके की गूंज से दिल्ली सहम गई। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के बाहर एक कार में ब्लास्ट हो गया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि चार किलोमीटर दूर तक लोग दहशत में आ गए। आसपास मौजूद गाड़ियों में आग लग गई और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके में 10 लोगों की मौत हुई है और कई घायल हैं। दिल्ली बम धमाके के तार फरीदाबाद के आतंकी नेटवर्क से जुड़ते दिख रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलवामा के जिस व्यक्ति ने धमाके में इस्तेमाल हुई कार खरीदी थी, वह भी पेशे से एक डॉक्टर है। वहीं फरीदाबाद में विस्फोटक के साथ पकड़ा गया आरोपी मुजम्मिल शकील और सहारनपुर से गिरफ्तार डॉक्टर आदिल भी डॉक्टर हैं और डॉक्टर आदिल का ताल्लुक भी जम्मू कश्मीर से है।

## लोगों गरिमा की रक्षा जरूरी, कड़े सुरक्षा उपायों के साथ हो जांच, डीएनए मामले में सुप्रीम फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डीएनए जांच का आदेश नियमित रूप से नहीं दिया जा सकता। इसे लोगों की गरिमा और विवाह से पैदा बच्चों की वैधता की रक्षा के लिए कड़े सुरक्षा उपायों के अधीन होना चाहिए। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि ऐसे परीक्षणों का निर्देश देने की शक्ति का इस्तेमाल अत्यंत सावधानी से किया जाना चाहिए। ऐसा तभी किया जाना चाहिए जब न्याय के हित में ऐसी हस्तक्षेपकारी प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से मांग हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को जबरन डीएनए परीक्षण के लिए बाध्य करना निजता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है। इस तरह के अतिक्रमण को तभी उचित ठहराया जा सकता है जब यह वैधता, वैध सरकारी उद्देश्य और आनुपातिकता के त्रिस्तरीय परीक्षण को पूरा करता हो। मामले में पीठ ने कहा कि अदालतों को वैज्ञानिक साक्ष्य के लिए वैध अनुरोधों के रूप में की जाने वाली फिशिंग पूछताछ के प्रति सतर्क रहना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि पारिवारिक रिश्तों की पवित्रता अटकलों या खोजी जांचों से समझौता न हो। यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक डॉक्टर की याचिका पर आई, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। इसमें उन्हें डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए रक्त के नमूने एकत्र करने के लिए मदुरै के सरकारी राजाजी अस्पताल के डीन के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था।

**एक मुस्लिम महिला ने दायर की थी याचिका :** इस मामले में, पट्टुकोट्टई की एक मुस्लिम महिला ने एक याचिका दायर की थी जिसमें कहा गया था कि गरीबी के कारण उसे 2001 में उसी इलाके के एक तलाकशुदा व्यक्ति से शादी करनी पड़ी थी। उसका पति त्वचा रोग से पीड़ित था और इसलिए उसने इलाज के लिए अपीलकर्ता, जो एक डॉक्टर था, से संपर्क किया। अपीलकर्ता ने उसकी बीमारी का सफलतापूर्वक इलाज किया, जिसके कारण उसे डॉक्टर को अपनी संतान न होने की बात बतानी पड़ी। पति ने डॉक्टर से अनुरोध किया कि वह उसकी पत्नी को आवश्यक उपचार के लिए उसकी पहली पत्नी, जो एक स्त्री रोग विशेषज्ञ थी, के पास रेफर करे। हालांकि, रेफर करने के बजाय, डॉक्टर ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिसके परिणामस्वरूप 8 मार्च, 2007 को एक बच्चे का जन्म हुआ।

## प्रदूषण :2024 की तुलना में पीएम2.5 और पीएम10 का स्तर भी घटा, कम जली पराली ; दिल्ली का औसत एक्यूआई इस साल बेहतर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि इस साल दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ है। 1 जनवरी से 9 नवंबर के बीच औसत एक्यूआई 175 दर्ज किया गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 189 था। पीएम2.5 और पीएम10 का स्तर भी घटकर 75 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और 170 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रह गया है, जो 2024 में क्रमशः 87 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और 191 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। आयोग ने एक बयान में कहा कि पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में भारी गिरावट देखी गई है। पंजाब में इस साल 15 सितंबर से 9 नवंबर के बीच 4,062 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल इसी अवधि के 6,266 मामलों से 35.2 फीसदी कम है। हरियाणा में 65.3 फीसदी की कमी दर्ज की गई, जहां 2024 में सिर्फ 333 आग की घटनाएं हुईं, जबकि 2024 में यह संख्या 959 थी।

पैनल ने कहा कि पराली जलाने के विरुद्ध वैधानिक निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सीएक्यूएम के वरिष्ठ अधिकारी राज्य सरकारों और अन्य एजेंसियों के साथ स्थिति की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि दिल्ली में 23 लाख टन से अधिक पुराने कचरे का जैव-खनन किया गया है, जबकि प्रतिदिन 7,000 टन अतिरिक्त अपशिष्ट-से-ऊर्जा और 750 टन प्रतिदिन जैव-सीएनजी क्षमता विकसित की जा रही है।

**लैंडफिल साइटों पर बढ़ाई गई निगरानी :** सीसीटीवी कैमरों, मीथेन डिटेक्टरों और अग्नि-शमन प्रणालियों के साथ लैंडफिल स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के लिए अक्तूबर से पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैव) के चरण 1 और 2 के तहत उपाय लागू हैं। सीएक्यूएम ने कहा कि एनसीआर हैं मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश - कानून व्यवस्था, सुरक्षा और जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता

## राज्यभर के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून और व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी जिलों में महत्वपूर्ण धार्मिक, ऐतिहासिक और सार्वजनिक स्थलों पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे संवेदनशील स्थलों पर चौकसी बढ़ाई जाए तथा अतिविशिष्ट व्यक्तियों के दौरे के समय सुरक्षा चाक-चौबंद रखी जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल में होने वाले इजिमा मेले में लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके लिए भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और यातायात नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि मैदानी अमले की सक्रियता बढ़ाकर असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करें ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवम्बर को जबलपुर और अलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय समारोह होंगे तथा सभी जिलों में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी और व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि 13 नवम्बर को सिंगल क्लिक के माध्यम से सोयाबीन उत्पादक किसानों को 230 करोड़ रुपये की भावांतर राशि जारी की जाएगी, जिससे लगभग एक लाख पच्चीस हजार किसानों को लाभ मिलेगा।

बैठक में यह भी बताया गया कि 1 दिसम्बर से कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्य पर उपार्जन प्रारंभ होगा। रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, उमरिया और मऊगंज जिलों को किसानों के पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि नरवाई जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा रोटावेटर, हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसी आधुनिक तकनीक के उपयोग हेतु किसानों को प्रेरित किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट के एनआईसी केंद्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी और पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी शामिल हुए।






## घरों में लग रही नंबर प्लेट, लाड़ली बहना योजना और स्वच्छ भारत लिखा; अजय सिंह बोले- यह प्रशासनिक मर्यादा के खिलाफ

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश के सीधी जिले में लोगों के घरों पर एक नंबर प्लेट लगाई जा रही है। जिसमें लाड़ली बहना योजना और स्वच्छ भारत लिखा हुआ है। जनपद पंचायत सीईओ का 10 सितंबर का यह आदेश अब सामने आया है। जिस पर कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने ऐतराज जताया है। अजय सिंह ने मंगलवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर नंबर प्लेट की फोटो और आदेश की कॉपी शेयर की है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए होता है। किसी राजनीतिक दल के प्रचार के लिए नहीं। सीधी में लाड़ली बहना योजना के नाम पर कर्मचारियों से भाजपा का प्रचार करवाना निंदनीय और प्रशासनिक मर्यादा के विरुद्ध है। लोकतंत्र की निष्पक्षता पर ऐसा हस्तक्षेप अस्वीकार्य है।



**मकान मालिक से लेंगे 50 रुपए प्रति प्लेट:** सीधी जनपद पंचायत के सीईओ ने 10 सितंबर को सरपंचों, सचिव और रोजगार सहायकों को आदेश जारी किया था। जिसमें उन्होंने लिखा- राष्ट्रीय और राज्य की विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए टीन की बनी मकान नंबर प्लेट ग्रामीण क्षेत्रों के मकान पर लगाने का काम करते हैं। जनपद सीईओ ने आदेश में जिन नारों वाली नंबर प्लेट लगाने को कहा है उसके आदेश में लाड़ली बहना का जिक्र नहीं है। आदेश में आगे लिखा है। नंबर प्लेट में लिखे नारों से केंद्र और राज्य की योजनाओं का प्रचार-प्रसार जैसे- स्वच्छ गांव, समृद्ध भारत, स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ, वृक्ष लगाओ, स्कूल चलो अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेटी है तो कल है, भ्रूण हत्या छोड़ो, घर-घर शौचालय बनवाओ, स्वच्छ भारत अभियान सफल बनाओ, नशे का जो हुआ शिकार उसका उजड़ा घर परिवार आदि यह नंबर 50 रुपए प्रति मकान की सहमति से लगाई जाएगी। जिसका भुगतान भवन मालिक स्वयं करके रसीद प्राप्त करेंगे। इस आदेश के मुताबिक सरकारी प्रावधानों के तहत गांव वासियों के मकानों पर टीम से बनी स्थायी मकान नंबर प्लेट लगाने में कोटवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और पंच जरूरी सहयोग करेंगे।

## अस्पताल में घुसी गाय, सर्जिकल वार्ड में टहलती दिखी

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में एक गाय घूमते हुए दिखाई दी। मंगलवार का इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को ऑपरेशन के बाद भर्ती मरीज इलाज ले रहे थे, तभी गाय वार्ड के अंदर घूमती नजर आई।

**मरीजों और परिजनों ने गाय को निकाला:** सर्जिकल वार्ड में गाय को देखकर मरीज के परिजनों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वायरल हुए वीडियो में गाय सर्जिकल वार्ड के बेड के बीच आराम से घूमती दिख रही है। वीडियो के कैप्शन में लिखा था, जहां मरीजों के ऑपरेशन होते हैं, वहीं मवेशी घूम रहे हैं।



**समाजसेवी बोले- जिम्मेदारियों से बच रहे अधिकारी:** शहर के समाजसेवी प्रांशु गुप्ता ने बताया कि इस घटना ने अस्पताल में सुरक्षा और स्वच्छता की कमी को उजागर किया। उन्होंने कहा कि जहां सर्जिकल मरीज भर्ती होते हैं, वहां आवारा पशुओं का घूमना मरीजों के लिए संक्रमण का बड़ा खतरा पैदा करता है।

## राजस्व भूमि पर अतिक्रमण पर विवाद, ग्रामीणों का आरोप- चुनिंदा लोगों पर कार्रवाई



**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** ग्राम कठार में राजस्व विभाग की भूमि पर अतिक्रमण का विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने कुछ लोगों के मकान तोड़ दिए हैं, जबकि एक व्यक्ति को विशेष रूप से बचाया गया है। ग्राम निवासी बलदेव प्रजापति ने जानकारी दी कि गांव में लगभग दस लोगों के मकान वन विभाग द्वारा तोड़े गए हैं।

उनका आरोप है कि शिवप्रसाद सिंह नामक व्यक्ति उसी भूमि पर अब भी निर्माण कार्य जारी रखे हुए है। बलदेव प्रजापति ने यह भी बताया कि इस मामले की शिकायत पहले भी की गई थी। पिछले महीने की जनसुनवाई में आवेदन दिया गया था, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। मंगलवार को बलदेव और अन्य ग्रामीणों ने दोबारा जनसुनवाई में पहुंचकर इस कथित भेदभावपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ फिर से आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है, जिससे गरीब परिवारों के मकान गिराए जा रहे हैं, जबकि प्रभावशाली व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस स्थिति ने गांव में न्याय और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 110 आवेदकों की समस्याएं

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** जिला पंचायत सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए 110 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा शीघ्र और पारदर्शी निराकरण के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि जिन आवेदनों में समय-सीमा निर्धारित है उन्हें विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से लेकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें और हितग्राही को सूचना देना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्यवाही की जाए ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

## स्कूल में प्रार्थना के दौरान छात्र लगा रहे झाड़ू, प्राचार्य बोले-चपरासी नहीं इसलिए बच्चे करते हैं सफाई

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** शासकीय हाई स्कूल खैरा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें छात्र प्रार्थना के दौरान स्कूल परिसर में झाड़ू लगाते दिख रहे हैं। घटना मंगलवार सुबह की है।

**छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में लगाई झाड़ू:** यह घटना मंगलवार सुबह की है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक ओर छात्र कतार में खड़े होकर राष्ट्रगान और प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ छात्र-छात्राएं झाड़ू से स्कूल परिसर की सफाई कर रहे थे। इस दौरान शिक्षक भी वहीं मौजूद थे।



**प्रिंसिपल बोले-चपरासी नहीं है, बच्चे खुद करते हैं क्लास की सफाई:** इस मामले में स्कूल के प्राचार्य अनुज कुमार तिवारी ने सफाई देते हुए कहा कि विद्यालय में चपरासी नहीं है। इसलिए बच्चे अपनी कक्षा और परिसर की सफाई खुद करते हैं। उन्होंने इसे गलत नहीं बताया।

**बीईओ बोले-जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई:** जानकारी के अनुसार, इस स्कूल में कक्षा 8 से 12 तक कुल 248 छात्र पंजीकृत हैं। यह स्कूल पहले भी घटिया मध्यान्ह भोजन और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर सुर्खियों में रहा है। इस पूरे मामले पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिहावल, ओशो उत्सव ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम संपन्न

**मीडिया ऑडिटर,सीधी (निप्र)।** सहायक संचालक आदिम जाति कल्याण विभाग ने जानकारी देकर बताया कि भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## बाइक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को मारी टक्कर, अचानक सड़क पर आया शख्स; ब्रेक लगाने से बिगड़ा बाइक का संतुलन

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** जमोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरेहिया में सड़क किनारे खड़े एक शख्स को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार और पैदल खड़ा शख्स दोनों घायल हो गए। घटना मंगलवार दोपहर तकरीबन 1 बजे की है।

**सीधी जिला अस्पताल में इलाज के लिए एडमिट:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद, आसपास के ग्रामीणों ने दोनों घायलों को सीधी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। बाइक चालक की पहचान सिंगरौली जिले के निवासी जगमोहन सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि जगमोहन सिंह सीधी की ओर जा रहे थे, तभी अचानक रामपाल यादव सड़क के बीच में आ गए।

**अचानक ब्रेक लगाने से बिगड़ा संतुलन:** जगमोहन ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन बाइक का संतुलन बिगड़ गया और टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में रामपाल यादव को सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, बाइक सवार जगमोहन सिंह के सिर और हाथ में भी चोटें लगी हैं। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

**पुलिस ने शिकायत के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन:** घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने जमोड़ी थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में अब तक किसी भी पक्ष से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आवेदन या शिकायत मिलने पर पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## युवक पर हमला, नवजीवन विहार में लाठी-डंडों से पीटा; बोलेरो की तलाश में पुलिस

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** विंध्यनगर थाना क्षेत्र स्थित नवजीवन विहार कॉलोनी में एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। बीते दिन हुई इस घटना में चार से पांच अज्ञात युवक बोलेरो वाहन से पहुंचे थे। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके सिर पर गहरी चोटें आई हैं। घटना का 42 सेकंड का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो में हमलावर युवक को सड़क किनारे घेरकर पीटते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद विंध्यनगर थाना पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने हमलावरों की पहचान और तलाश शुरू कर दी है। पुलिस वीडियो की बारीकी से जांच कर रही है और घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन का नंबर भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर वारदात के बाद भी पीड़ित पक्ष की ओर से अब तक थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से ऐसी घटनाओं की जानकारी तुरंत देने की अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े हुई इस मारपीट की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग भी उठने लगी है। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, दिव्यांग से 2.40 लाख रुपये ठगे; आरोपी दे रहा धमकिया



**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली (निप्र)।** नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक और मामला सामने आया है। नवानगर थाना क्षेत्र के भरुहा गांव निवासी दिव्यांग आशीष कुमार कुशवाहा ने अपने ही गांव के संदीप सिंह पर 2 लाख 40 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने लगभग एक साल पहले सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर यह राशि ली थी। आशीष कुशवाहा ने बताया कि जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी संदीप सिंह ने उन्हें मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद आशीष ने सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अपर कलेक्टर संजीव पांडे ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि शिकायत को पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय भेजा जा रहा है। जांच में ठगी की बात सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित आशीष का यह भी आरोप है कि उन्होंने पहले नवानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। सिंगरौली जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के ऐसे कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगार युवाओं को सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे मांगने वाले किसी भी व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासनिक अधिकारियों को दें।

## घर में अचानक लगी आग से दो भाई-बहन झुलसे, लोगों ने दरवाजा तोड़कर बचाया, जिला अस्पताल में भर्ती

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़वाही में सोमवार रात करीब 12 बजे एक घर के कमरे में अचानक आग भड़क उठी। इस घटना में दो सगे भाई और उनकी 3 साल की बहन झुलस गई। इलाज के लिए सभी बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया था। बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए इन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार शाम करीब 4 बजे तीनों बच्चे जिला अस्पताल पहुंच गए, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। झुलसे हुए बच्चों की पहचान इंद्रबहादुर सिंह के पुत्र प्रमोद सिंह (9 वर्ष), विनोद सिंह (5 वर्ष) और पुत्री कामिनी (3 वर्ष) के रूप में हुई है।





**अचानक लगी आग, कारण पता नहीं चल पाया:** परिजनों के अनुसार, हादसे के वक्त बच्चों की मां खेत में काम कर रही थी और तीनों बच्चे दादी के साथ घर में थे। बताया गया कि खेलते-खेलते बच्चे कच्चे मकान के एक कमरे में बंद हो गए और कुछ देर बाद वहां अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

**दरवाजा तोड़कर बच्चों को बचाया:** दादी ने जब कमरे के अंदर से बच्चों के चीखने की आवाजें सुनीं, तो उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की। दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण वह उसे खोल नहीं सकीं। उन्होंने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा तोड़कर किसी तरह तीनों मासूमों को बाहर निकाला।

इस हादसे में प्रमोद और विनोद की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। सीधी जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीम लगातार उनके इलाज में जुटी है।

# 'न्यायोत्सव- विधिक सेवा सप्ताह' के तृतीय दिवस पर विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर छात्रों में कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों की दी जानकारी

**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में 'न्यायोत्सवरू विधिक सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा कार्यक्रम के तीसरे दिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, मौलिक अधिकारों, बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल श्रम उन्मूलन, सायबर अपराध, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रमुख कानूनी विषयों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना रहा। इसके लिए विभिन्न विद्यालयों में वाद-विवाद, निबंध लेखन, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी तथा मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी ने स्वयं विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों की प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। दोनों अधिकारियों ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पनवार, गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल पड़रा और सर्वोदय विद्या मंदिर विद्यालय सहित लगभग दस विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया। सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने बच्चों की रचनात्मकता और विधिक विषयों के प्रति उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि विजेता प्रतिभागियों को बाल दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कृ देश का भविष्य हमारे विद्यार्थी हैं और उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों की सही जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। कानून केवल सजा देने का माध्यम नहीं बल्कि समाज में न्याय, समानता और व्यवस्था बनाए रखने का साधन है। हर विद्यार्थी को चाहिए कि वह विधिक रूप से जागरूक बने। मुकेश कुमार शिवहरे और मनीष कौशिक ने विद्यार्थियों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का समान अवसर प्रदान किया जाता है। आर्थिक या सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क अधिवक्ता, परामर्श, आवेदन लेखन और अपील संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आदर्श मिश्रा, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को न्याय तक पहुंच को सुलभ बनाने, विधिक साक्षरता को जन-जन तक फैलाने और समाज में विधि के शासन को सुदृढ़ करने का संकल्प दिलाया गया।



# और कितने पांडव

संपादकीय

हिमाचल अचानक इतिहास में पहुंच गया या कौरव-पांडवों के बीच फिर से चरित्र के तराजू में बयानबाजी की जुबान निकल आई। गंभीर बहस के अगंभीर पहलू में दुबके नेता अब इस स्तर पर पहुंच गए कि हमारी राजनीतिक सोच मदारी बन गई। गुटबाजी के पर्याय में कोई पांडव बना, तो किसी को कौरव बना दिया गया, लेकिन यथार्थ यह भी है कि राजनीति के चेहरे छोटे और मुकदमे लंबे होते जा रहे हैं। अब यह कहना आसान नहीं कि भाजपा बनाम कांग्रेस के बीच कौन किसकी सतह पर आबाद है, लेकिन आज के दौर में हर जगह 'महाभारत' का दौर जरूर है। यह समाज के चरित्र में भी नजर आता है और देश के सामने व्यवस्था के प्रश्न बन कर दर्ज हो रहा है। हम चाहकर भी देश के हित में पांडव नहीं चुन पाते और न चाहकर भी कौरवों के बीच पहुंच जाते। आने वाले हैं पंचायत चुनाव और तब गांव की पंचायत के लिए अगर हम 'पांडव' नहीं ढूंढ पाएंगे, तो कौरवों की जीत में हम सभी दोषी हैं। देहरा में प्रशासन, शासन और जनता की नजरों के सामने महिला अगर एसडीएम कोर्ट में आए एक बुजुर्ग की पिटाई के साथ मुंह पर स्याही फेंक देती है, तो वहां न पांडव बचे और न ही कौरव। हमीरपुर में एक नाबालिग की दरिंदगी का शिकार महिला मर जाती है, तो खुद में पांडव देखने वाला समाज आखिर है कहां। हम विडंबनाओं की सेज पर नेताओं में मजबूरी के पांडव और कौरवों की सहमति में तांडव देखने में मशगूल हैं। चुराह के विधायक का प्रकरण अपने भीतर महाभारत के कई चरित्र खड़े कर रहा, लेकिन द्रौपदी के कथन पर विश्वास करने के लिए वर्तमान युग शायद तैयार नहीं होगा।

इस प्रकरण में महाभारत कितना लौटेगा, यह किसी को मालूम नहीं, लेकिन मर्यादा की चरागाहों में चरित्र की आवारगी में हम किसके कहने पर अमल करें या किसे स्वीकार करें। बेशक आजादी के बाद हमने कई देवता बना लिए या जनप्रतिनिधियों में देवताओं की झलक पाने की कोशिश कितने ही प्रयोग और संविधान संशोधन कर डाले, मगर जिन्हें पांडव माना उन्हीं पर भरोसा टूटा। दल बदल की फौज में जो शामिल होते रहे या जो जातियों में मूर्तियां बनाते रहे, उनमें पांडवों का संघर्ष कहां से लाते। बहस अब पांडव की है भी नहीं, कौरवों के बीच से हमें कोई किनारा चाहिए ताकि जनता की भाषा में सिर्फ मोहलत बन कर गुजर जाए तेरी हुकूमत का यह नजारा। आश्चर्य यह कि कांग्रेस और भाजपा संगठनात्मक क्षमता में कौरव और पांडव खोजे जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक वैज्ञानिक आधार या इतिहास की दृष्टि में जीने का आधार कैसे देखा जाए।

## दिल्ली में फ़िर बम विस्फोट सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

**दिलीप कुमार पाठक**

दिल्ली देश की जान है, दिल्ली की हलचल पूरे देश को सुनाई देती है, यही कारण है कि पूरे देश में अलर्ट जारी कर दिया गया। दिल्ली की शाम ख़ामोश नहीं थी, हवा में सिक्योरिटी सायरनों की आवाज़ गूंज रही थी, और लोगों की आँखों में दहशत साफ़ झलक रही थी। सोमवार को ठीक 6 बजकर 52 मिनट पर, लाल क़िला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के बाहर खड़ी आई-20 कार में ऐसा ज़ोरदार धमाका हुआ कि पूरा इलाका काँप उठा। तेज़ धमाके से हवा में धुआँ उठता दिखा, लोग चीखते हुए भागे, और देखते-देखते सड़क खून और अफरातफरी के मंजर में बदल गई। इस दर्दनाक वारदात में 2 महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। कई लोग इतनी बुरी तरह झुलस गए कि पहचान मुश्किल हो गई। किसी का शरीर दूर फेंक गया, तो किसी के अंग सड़क पर बिखरे पड़े थे। मरने वालों की उम्र 21 से 58 साल के बीच बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि विस्फोट कार के रियर हिस्से में हुआ। धमाका इतना भयानक था कि आवाज़ एक किलोमीटर तक सुनाई दी। आसपास खड़ी 6 कारें, 2 ई-रिक्शा, और 1 ऑटो आग की लपटों में जलकर राख हो गए। चांदनी चौक से लेकर लाल क़िले तक दुकानदार दहशत में दुकानें बंद कर भागते नज़र आए। पुलिस के अनुसार जिस कार में धमाका हुआ, वो गुरुग्राम के सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सलमान का कहना है कि उसने कार पुलवामा के तारिक को बेची थी। अब तारिक फ़रार है, और पुलिस अभी जांच में जुटी हुई है। धमाके को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियाँ आत्मघाती हमले के एंगल से भी जांच कर रही हैं, परंतु मौके पर आरडीएक्स के निशान नहीं मिले।

फिर भी देशभर के बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, जयपुर को हाई अलर्ट पर डाल दिया गया है। धमाके के कुछ ही मिनटों बाद घायलों और शवों को एलएनजेपी अस्पताल लाया गया। अस्पताल घटना स्थल से सिर्फ ढाई किलोमीटर दूर था, इसलिए सबसे पहले वहीं मरीज पहुंचे। अस्पताल की इमरजेंसी में अचानक लाशों और घायलों की बाढ़ आ गई। कई शव क्षत-विक्षत अवस्था में थे। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल मास कैजुअल्टी घोषित कर डॉक्टरों, नर्सों और बर्न स्पेशलिस्ट को ड्यूटी पर बुलाया।

एक डॉक्टर ने बताया कि कई मरीजों की हालत बेहद नाजुक है। एक का पैर कट चुका है, किसी की आंख और दिमाग पर गंभीर चोट है, कई पूरी तरह झुलस गए।यहाँ तक कि धमाके की आवाज़ से ही एक व्यक्ति को हार्ट अटैक हो गया। अस्पताल के बाहर परिजनों की चीखें और बेबसी का दर्द दिल दहला रहा था। दमकल विभाग ने लगभग 37 मिनट तक आग से लड़ाई लड़ी। आखिर 7~29 बजे तक आग बुझा दी गई, पर तब तक कई गाड़ियाँ खाक हो चुकी थीं। मौके पर बची रह गई सिर्फ जलती रबर की बदबू, धुआँ, और टूटे शीशों की आवाज़।

रात करीब साढ़े नौ बजे गृहमंत्री अमित शाह खुद एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे, घायलों से मिले, डॉक्टरों से बात की। इसके बाद वे घटनास्थल पर गए और जाँच एजेंसियों को हर एंगल से जांच का आदेश दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पूरी घटना पर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दिल्ली धमाके के तुरंत बाद राजस्थान बॉर्डर पर पाकिस्तान ने एयरफोर्स की पेट्रोलिंग तेज कर दी। पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी इमरजेंसी मीटिंग में जुटे, और रातभर पीएम शहबाज़ शरीफ़, एनएसए व डीजी आईएसआई मीटिंग करते रहे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नतीजा साफ़ है दिल्ली फिर घायल है, देश सवालों से भरा है, और जनता दहशत की छाया में। गृह मंत्रालय को इसकी सूचना तक नहीं मिली और इतना बड़ा हादसा कैसे हो गया गाड़ी में कौन था किसने प्लान किया मकसद क्या था÷ ÷जांच अभी जारी है। जिस इलाके में विस्फोट हुआ है वो इलाका दिल्ली का सबसे प्रमुख इलाका है, वहाँ से कुछ किलोमीटर की दूरी पर संसद भवन, जामा मस्जिद, कॅनॉट प्लेस आदि हैं, और यह ब्लास्ट छोटी घटना नहीं है,। पूरा देश रातभर जागता, सहमा रहा, अब तक इस ब्लास्ट के ये सब जवाब मिलना बाकी हैं।

> **8 नवंबर 2025 को जब यह ट्रेन अपनी पहली यात्रा पर रवाना हुई तो दक्षिण भारत ने देखा यह सिर्फ रेल नहीं,विकास की रफ्तार है।नई वंदे भारत एक्सप्रेस न केवल यात्रियों के लिए सुविधा का प्रतीक है,बल्कि भारत की तकनीकी प्रगति, पर्यावरणीय संतुलन और आधुनिक रेल परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। दक्षिण भारत के लिए 8 नवंबर 2025 का दिन ऐतिहासिक बन है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जब एक साथ चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन किया।इन्हीं में से एक है–एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस,जो केरल और कर्नाटक के बीच आधुनिकता, गति और सुविधा का सेतु बनकर उभरी है।**

## एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत भारत की गति व आधुनिकता का अध्याय

**विनोद कुमार सिंह**



यह न केवल एक परिवहन परियोजना है,बल्कि नया भारत,तेज भारत की भावना का सशक्त प्रतीक है।आज का दिन दक्षिण भारत के यात्रियों को एक शानदार सौगात मिली।केरल की सांस्कृतिक राजधानी एर्नाकुलम को कर्नाटक की तकनीकी राजधानी बेंगलुरु से जोड़ने वाली यह वंदे भारत ट्रेन अब दोनों राज्यों के बीच यात्रा को तेज,सुरक्षित और आरामदायक बना चुकी है।यह ट्रेन कुल 8 घंटे 40 मिनट में लगभग 575 किलोमीटर की दूरी तय करती है-जो पहले सामान्य एक्सप्रेस ट्रेनों से लगभग 2 घंटे कम है।इस ट्रेन के शुरू होने से न केवल दोनों राज्यों के बीच संपर्क मजबूत होगा बल्कि व्यापार,पर्यटन और सामाजिक रिश्तों को भी एक नई गति मिलेगी।एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस प्रतिदिन दोनों दिशाओं में चलेगी।इस तरह यात्रियों को वन डे ट्रिप का लाभ मिलता है-एक ही दिन में आना-जाना संभव है,जिससे व्यापारिक यात्राओं और छोटी पारिवारिक यात्राओं में भारी सुविधा मिलती है।यह वंदे भारत एक्सप्रेस सात प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी-कोयंबटूर,तिरुपुर,इरोड, सलेम,पालक्काड,थ्रिस्सूर और अंत में एर्नाकुलम।सर्वविदित रहे ये सभी स्टेशन न केवल औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि सामाजिक- आर्थिक दृष्टि से दक्षिण भारत की धड़कन हैं।यह सलेम और इरोड -कृषि और लघु उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है।वंदे भारत ट्रेन के संचालन से इन शहरों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई दिशा मिलेगी।छोटे और मध्यम उद्योगों के उत्पाद अब तेजी से बाजार तक पहुँच पाएंगे।

एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस में भारतीय रेल की नवीनतम तकनीक का समावेश किया गया है। वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों को आराम दायक सीटें जो लंबी यात्रा को थकानरहित बनाती हैं।इसमें स्वचालित दरवाजे और जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली - बायो-वैक्यूम शौचालय- स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है ।इन सभी विशेषताओं के साथ यह ट्रेन पारंपरिक एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में अधिक कुशल,सुरक्षित और समयनिष्ठ बन चुकी है।

एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह भारतीय तकनीक और इंजीनियरिंग से निर्मित है।चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आई सी एफ)में इस ट्रेन का निर्माण हुआ है,जो मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विज़न को साकार करती है।वंदे भारत ट्रेन का यह संस्करण अधिक ऊर्जा-सक्षम है।पर्यावरण-अनुकूल और रखरखाव में सस्ता है।इसका एरोडायनामिक डिज़ाइन गति और स्थिरता दोनों को संतुलित करता है।केरल के हरित सौंदर्य और कर्नाटक की आधुनिकता को जोड़ने वाली यह ट्रेन दक्षिण भारत के पर्यटन मानचित्र में नया अध्याय जोड़ रही है।भारत की आईटी राजधानी,जहाँ हर वर्ष लाखों पेशेवर और पर्यटक पहुँचते हैं।इस ट्रेन के माध्यम से पर्यटकों को अब कम समय में इन शहरों के बीच यात्रा का अवसर मिलेगा।धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक यात्राएँ अधिक सुलभ होंगी।बेंगलुरु के आईटी सेक्टर, कोयंबटूर के टेक्सटाइल उद्योग और एर्नाकुलम के पोर्ट-आधारित व्यापार को अब एक तेज़, सटीक और समयबद्ध परिवहन माध्यम मिल गया है।यह ट्रेन छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए गेम-चेंजर साबित होगी।ट्रांसपोर्ट की लागत कम होगी और व्यापारिक नेटवर्क मजबूत बनेगा।रेल मंत्रालय का उद्देश्य है कि वंदे भारत जैसी हाई-टेक ट्रेनों के माध्यम से देश के सभी प्रमुख शहरों को जोड़ा जाए।इससे यात्रा का समय घटेगा,ऊर्जा की खपत कम होगी और यात्रियों का अनुभव विश्वस्तरीय बनेगा।अब तक देश में 60 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं,जिनमें से कई दक्षिण भारत में भी हैं।एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्ग पर इस नई ट्रेन के जुड़ने से दक्षिण भारत में वंदे भारत नेटवर्क और भी सशक्त हो गया है।

आधुनिक भारत की प्रगति की पटरियों पर - एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और विकास यात्रा का जीवंत प्रतीक है।यह यात्रा को तेज़ ही नहीं, बल्कि सुरक्षित और आनंददायक बनाती है। 8 नवंबर 2025 को जब यह ट्रेन अपनी पहली यात्रा पर रवाना हुई तो दक्षिण भारत ने देखा यह सिर्फ रेल नहीं,विकास की रफ्तार है।नई वंदे भारत एक्सप्रेस न केवल यात्रियों के लिए सुविधा का प्रतीक है,बल्कि भारत की तकनीकी प्रगति, पर्यावरणीय संतुलन और आधुनिक रेल परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## प्रजातंत्र का बदलता स्वरूप : चुनाव... मुत सौगातें... सवाल नैतिकता का

**ओमप्रकाश मेहता**

हाल ही में एक विस्तृत सर्वेक्षण से यह स्पष्ट हुआ है कि चुनाव प्रचार के दौरान सत्ता प्राप्त करने को लालयित राजनीतिक दलों और उनके राजनेताओं द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए सौगातें बांटी जाती है या बढ़-चढ़कर घोषणाऐं की जाती है, सत्ता प्राप्ति के बाद सत्ता की निर्धारित अवधि में उनमें से पचास फीसदी भी पूरी नही होती और इस कारण देश का आम मतदाता अपने आपको ठगा से महसूस करता है। अब इसी स्थिति के लिए किसे दोषी ठहराया जाए मौजूदा चुनाव प्रणाली को या राजनीतिक दलों को

अब ऐसी स्थिति में एक बात अवश्य ध्यान में आती है कि आजादी के बाद के अब तक के पचहत्तर वर्षों में राजनेता चालाक और मतदाता शिक्षित अवश्य हो गए, किंतु दोनों ही वर्गों की सोच में कोई अंतर नही आया है, अभी भी राजनेताओं पर भरोसा कर रहे है और राजनेता अभी भी अपने मतदाताओं को पिछली शताब्दी के पचास के दशक का मतदाता मानकर चल रहे है, इसी कारण राजनेता 'दिन-दूने रात चैगुने' हर तरीके से समृद्ध हो रहे है और मतदाता दीन-हीन और जहां तक चुनाव प्रक्रिया का सवाल है, वह वही पुश्तैनी चल रही है अंतर सिर्फ यह जरूर नजर आया है कि कभी राजनीति को हेय दृष्टि से देखा जाता था और आज उसमें आकर्षण पैदा हो गया है और इस 'धन्धें' को आज के युवा 'हींग लगे न फिटकरी रंग चैखा होये' मानते है और अन्य रोजगारों से नेतागिरी को श्रेष्ठ मानते है।

किंतु दुःख इस बात का है कि इस दुरावस्था की स्थिति पर चिंतन-मनन आज तक किसी ने भी नही किया और उसकी जरूरत भी नही समझी क्योंकि किसी को भी आज इसके लिए फुर्सत ही कहां है

वैसे प्रजातंत्रीय शासन प्रणाली के हिसाब से विश्व के प्रजातंत्री देशों में हमारे देश का स्थान गौरवशाली है, हमारे देश को प्रजातंत्र का 'पितृदेश' माना जाता है, किंतु हमारी व्यथा हम ही जानते है, हम अपनी पीड़ा किसे बताने जाए हमारे प्रजातंत्र के वटवृक्ष में कहां व कितनी दीमक लगी है यह किसे दिखाने जाए इसलिए मन मसौस कर रह जाते है और जहां तक हमारे कर्णधार नेताओं का सवाल है, उनका तो हर प्रयास मतदाताओं को हर दृष्टि से मजबूर असहाय और परावलम्बी बनाने का ही है, वे मतदाताओं को उनकी व्यक्तिगत पारिवारिक परेशानियों में इतना व्यस्त रखना चाहते है, जिससे कि मतदाताओं को कुछ ओर सोचन-विचारने का मौका ही नही मिले और अपने इस प्रयास में वे सफल भी हो रह है, इसीलिए आज देश की यह दशा है।

....और जहां तक हम मतदाताओं का सवाल है हमने खुद इस स्थिति से कभी बाहर निकलकर देश-दुनियां और समाज तो ठीक स्वयं के बारे में आत्मचिंतन का समय नही निकाला और इसी कारण न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के सिर शर्म से झुक रहे है, बल्कि पूरी दुनियां में हम बदनामी के दौर से भी गुजरने को मजबूर है.... अब तो उस स्थिति एवं व्यक्तित्व का इंतजार है जो हमें इस दुरावस्था से बाहर निकाल सके, पता नही इंतजार कब खत्म होगा।

## देश के विकास में विज्ञान परिसंवाद की आवश्यकता

> **विज्ञान परिसंवाद से समाज के वैज्ञानिक साक्षरता बढ़ाने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, विज्ञान और समाज के बीच संबंध स्थापित करने, और तकनीकी व आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए है। यह वैज्ञानिकों को अपने काम को बेहतर तरीके से समझाने, नवाचार को बढ़ावा देने, और वैज्ञानिक ज्ञान के माध्यम से जीवन स्तर को सुधारने में मदद करता है। यह विज्ञान को व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग करने में मदद करता है, जिससे जीवन स्तर में सुधार होता है।**

**संजय गोस्वामी**



इसी को ध्यान में रखकर परिषद द्वारा विज्ञान वार्ता का सफल आयोजन से विज्ञान को सही तरीके से समझने में मदद मिलता है हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद,मुंबई द्वारा कई विज्ञान परिसंवाद कराये गए उसी क्रम में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद,मुंबई द्वारा 18 अक्टूबर 25 को डॉ सुभाष दोन्दे, प्रोफेसर, जन्तु विभाग, कृति कॉलेज, दादर द्वारा डाइबीटीज (जो स्वास्थ्य से सम्बंधित है )पर 7 बजे शाम एक ऑनलाइन विज्ञान परिसंवाद /वार्ता की गई जो खास कर बुढ़ापे में बड़ी तेजी से आजकल आ रहा है विज्ञान के संयोजक परिषद के सदस्य श्री प्रकाश कश्यप थे शुरू में कश्यप जी ने अध्यक्ष के सम्बोधन हेतु आग्रह किया अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार वर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में परिषद के नए कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय व वार्ता हेतु शुभकामनायें प्रेषित की तत्पश्चात श्री प्रकाश कश्यप ने वार्ताकार डॉ सुभाष दोन्दे का परिचय कराया डॉ सुभाष दोन्दे एम.एससी. प्राणीशास्त्र, सी.एस.आई.आर. एन.ई.टी., पीएच.डी., पी.जी.डी.ई.एम., एल.एल.एम. आदि की डिग्री प्राप्त है जो क्रिति कॉलेज, दादर में प्रोफेसर हैं उनके कई शोध पत्र, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय जर्नलो में प्रकाशित हुए हैं व कई स्वास्थ्य सम्बंधित वार्ता भी रेडियो व अन्य संस्थागणो में दि है उनका एक्सपीरियंस, एंजाइम विज्ञान,सतत विकास,जैव सांख्यिकी,इन्सुलिन व आहार आदि से सम्बंधित है उन्होंने सभी वक्ता को धन्यवाद देते हुए स्लाइड से पेपर प्रस्तुत किया उन्होंने अपने 1~30 घंटे के लेक्चर में बताया कि मधुमेह मेलिटस उन बीमारियों के समूह को संदर्भित करता है जो शरीर द्वारा रक्त शर्करा (ग्लूकोज) के उपयोग को प्रभावित करते हैं। ग्लूकोज मांसपेशियों और ऊतकों को बनाने वाली कोशिकाओं के लिए ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह मस्तिष्क के लिए ईंधन का मुख्य स्रोत भी है।

मधुमेह का मुख्य कारण प्रकार के अनुसार अलग-अलग होता है। लेकिन आपको चाहे किसी भी प्रकार का मधुमेह हो, यह रक्त में अतिरिक्त शर्करा का कारण बन सकता है। रक्त में अत्यधिक शर्करा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है।इन सभी से सचेत रहने हेतु खानपान व जीवन शैली के बारे में रोचक वैज्ञानिक वार्ता दि कुछ श्रोता के प्रश्नों का बहुत अच्छे तरीके से ज़बाब दिया समय की कमी के कारण रात 9~30 बजे परिषद के उपाध्यक्ष श्री ब्रजेश कुमार सिन्हा ने अपने विचार प्रस्तुत किये तत्पश्चात सचिव श्री शेर सिंह मीणा ने वार्ता का सार प्रस्तुत किया अन्त में परिषद के सह कोषाध्यक्ष श्री बी एन मिश्र ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद देकर और कार्यक्रम की सफलता में उनके योगदान के लिए अपना आभार व्यक्त किया व वार्ता कार, संयोजक व मुख्य अतिथियों को धन्यवाद दी,कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक समिति, श्रोता और स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों की सराहना की,अंत में, कार्यक्रम के सफल समापन की कामना करते हुए अपनी बात समाप्त की। इसके पहले वैज्ञानिक पत्रिका हिंदी विज्ञानं साहित्य परिषद की मुख्य पत्रिका का 57 वा अंक का ऑनलाइन प्रकाशित की गई वैज्ञानिक पत्रिका के जुलाई दिसंबर 25 अंक का अंक विज्ञान संचार के लिए दृढ़ संकल्पीत है और वैज्ञानिक ज्ञान से परिपूर्ण है वैज्ञानिक पत्रिका के मुख्य संपादक श्री ब्रजेश कुमार सिन्हा ने कार्यवाहक मुख्य संपादक के रूप में नियुक्त हुए जो पटना के रहने वाले एक वरिष्ठ इंजीनियर है जो एन आर बी, परमाणु ऊर्जा विभाग मुंबई में कार्यरत हैं उन्होंने भागलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई की है और मुंबई के अखिल भारतीय हिंदी विज्ञान संस्थान विज्ञान साहित्य परिषद, मुंबई में उपाध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद, मुंबई की राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका वैज्ञानिक के मुख्य संपादक के रूप में अतिरिक्त भार ग्रहण करते हुए वैज्ञानिक के 2 अंक, जुलाई सितम्बर व अक्टूबर - दिसंबर 25 का सफलतापूर्ण संपादन किया इसके साथ ही मुंबई के श्री राज कुमार डाबरा, प्रसार व्यवस्थापक के रूप में पदभार ग्रहण किया जो परिषद के कोषाध्यक्ष भी है वैज्ञानिक का जुलाई दिसंबर 25 का सयुंक्त अंक देश के भारतीय वायुसेना के शौर्य व पराक्रम के ऊपर केंद्रित है और लेख में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस को भी शामिल किया गया है देश की वायुसेना का स्थान आज पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर है यह अंक भारत के वायु योद्धाओं के साहस और समर्पण का सम्मान करता है, और वायु सेना की क्षमताओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाला अंक है इस अंक में अन्य वैज्ञानिक विषयो पर भी लेख है जिसमें पर्यावरण, कृषि वैज्ञानिकों के जीवन पर, डॉ कलाम साहब व विज्ञान प्रश्न मंच को भी छात्रों के लिए नियमित रूप से स्थान दिया गया है जिसमें लेखकीय अवदान मुख्य रूप से डॉ सरोज शुक्ला, डॉ संजय कुमार, डॉ संजय रामण, डॉ मनीष मोहन गोरे, डॉ दया शंकर त्रिपाठी, बीएन मिश्र, श्री उत्तम सिंह गहरवार, डॉ मीनाक्षी पाठक, डॉ हेमलता पंत, डॉ ज्योति वर्मा,निधि गुप्ता, आदित्य शर्मा, दीपांशी मिश्रा एवं मनहर कृष्णा ओझा, डॉ दीपक कोहली व डॉ विजय लक्ष्मी गिरि, डॉ के विज्ञा मिश्रा न लेख हैं इस अंक को कई वैज्ञानिक, पूर्व आईपीएस अधिकारी पत्रिका के संपादक व अन्य पाठकों ने विज्ञान के लोकप्रियता हेतु एक सराहनीय कदम बताया है व बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की है.इसके लिए संपादण मंडल के सदस्य सर्वश्रीराजेश कुमार मिश्र, के के राजेश, कुमार, शेर सिंह मीणा व डॉ संजय कुमार पाठक व व्यवस्थापक मंडल के सदस्यों में श्री नवीन त्रिपाठी, श्री बी एन मिश्र, श्रीअनिल अहिरवार, श्री प्रकाश कश्यप व प्रसार व्यवस्थापक श्री राज कुमार डाबरा बधाई के पात्र हैं।

# कलेक्टर ने ली कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक

## जिले में अवैध शराब और नशे के कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्रवाई के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती रतना सिंह की उपस्थिति में कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में बढ़ते अवैध शराब और नशीले पदार्थों के व्यापार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि अब किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**अवैध कारोबार पर सख्त निगरानी के निर्देश:** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों पर अवैध शराब, गांजा, अफीम, हेरोइन, ब्राउन शुगर, कोडीन आधारित सिरप या अन्य नशीली दवाओं के व्यापार का संदेह हो, उनके संबंध में विस्तृत जानकारी जमीन का विवरण, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, पता एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि आदि तत्काल पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संदेहास्पद व्यक्तियों की



गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखते हुए सूचना प्राप्त होते ही त्वरित छापेमारी और कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

**विशेष अभियान और सीमा चौकसी:** कलेक्टर ने मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, खोंगापानी, झगराखांड, नई लेदरी, खड़गवां और भरतपुर सहित सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर छत्तीसगढ़दृमध्यप्रदेश सीमा पर संयुक्त जांच दल की तैनाती, वाहनों की सघन तलाशी, रात्रि कालीन पेट्रोलिंग और निरंतर गस्त एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए।

**नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता:** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकाय एवं पंचायतों में नशा मुक्ति रैलियां, बैनर-पोस्टर प्रचार, जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने स्पोर्ट्स विभाग को भी इस अभियान में शामिल करने तथा मेडिकल स्टोर संचालकों को नशीली दवाइयाँ न बेचने की शपथ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नशा मुक्ति केंद्रों में दवाइयाँ और परामर्श सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

**पुलिस की कार्रवाई और समन्वय:** पुलिस अधीक्षक रतना सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब और ड्रग्स सप्लाई से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस, आबकारी, राजस्व एवं पंचायत विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

**कलेक्टर की चेतावनी और अपील:** कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि किसी थाना क्षेत्र में दोबारा अवैध शराब या नशीली दवाओं की गतिविधि पाई गई तो संबंधित थाना प्रभारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी के विरुद्ध कड़ी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अवैध कारोबार न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि समाज की जड़ों को कमजोर करने वाला अपराध है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे तत्वों की संपत्ति एवं जमीन की जांच कर आवश्यक होने पर जब्ती की कार्रवाई की जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस या कलेक्टर कार्यालय को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## अयोध्या धाम दर्शन हेतु जिले से 57 श्रद्धालु रवाना होंगे, 12 से 15 नवंबर तक विशेष रेल यात्रा; अंबिकापुर स्टेशन से होगा प्रस्थान

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन की श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) से कुल 57 श्रद्धालु अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना होंगे। जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम, नगर पालिका एवं जनपद पंचायतों से प्राप्त यात्रियों की अंतिम सूची तैयार कर छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड को भेज दी गई है।

**विशेष रेल यात्रा का कार्यक्रम:** यात्रा अवधि: 12 नवंबर से 15 नवंबर 2025, विशेष रेल का प्रस्थान: 12 नवम्बर को दोपहर 12 बजे अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से, आयोजन सहयोगी: छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल एवं IRCTC, इस विशेष यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में श्री रामलला विराजमान के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। साथ ही वे अन्य निर्धारित धार्मिक स्थलों एवं पूजास्थानों का भ्रमण भी कर सकेंगे।

**यात्रा की व्यवस्थाएँ और सुरक्षा:** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल एवं IRCTC द्वारा श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, दर्शन व्यवस्था एवं यात्रा सुरक्षा की संपूर्ण तैयारी की गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय सुविधा, भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, आवागमन और ठहराव के संपूर्ण प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। यात्रा दल के साथ एक एस्कॉर्ट अधिकारी भी नियुक्त किया गया है, जो पूरी यात्रा के दौरान व्यवस्था एवं समन्वय का दायित्व निभाएंगे।

**श्रद्धालुओं में उत्साह:** इस योजनाबद्ध यात्रा को लेकर जिलेभर में श्रद्धालुओं में अत्यंत उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखा जा रहा है।राज्य शासन का उद्देश्य आम नागरिकों को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के दर्शन का अवसर प्रदान कर उन्हें आध्यात्मिक अनुभव और सांस्कृतिक जुड़ाव से जोड़ना है।

## सोनवर्षा में डबरी निर्माण से खेती और आजीविका को मिला सहारा

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट का समाधान और किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने की दिशा में मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्य निरंतर प्रभाव दिखा रहे हैं। इसी क्रम में मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत सोनवर्षा के ग्राम राधारमणनगर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत डबरी निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह डबरी हितग्राही श्री बुधराम/गंगासिंह (जॉब कार्ड क्रमांक 001/14) के लाभ के लिए स्वीकृत की गई थी। इस कार्य पर लगभग 3 लाख रुपये की लागत आई है।

## जनसुनवाई में 30 लोगों ने बताई परेशानी, अपर कलेक्टर ने हर एक से की बात; कार्रवाई के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने 30 आवेदनों पर सुनवाई की। इस दौरान अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

जनसुनवाई में जैतहरी तहसील के वेंकटनगर निवासी सुमित्रा केवट ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने



की मांग की। इसी तरह, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्र. 10 की संतोषी राठौर ने विधवा पेंशन के लिए आवेदन दिया।

तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम जरही निवासी केवल सिंह ने पट्टे में दर्ज नाम में सुधार कराने का अनुरोध किया। अन्य आवेदकों ने भूमि का सीमांकन, बटांकन, नक्शा तरमीम, समग्र आईडी में सुधार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

## नशीले इंजेक्शनों के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, मनेंद्रगढ़ (निप्र)।** जिले में चल रहे अवैध कारोबारों, विशेषकर नशीली दवाओं और इंजेक्शनों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नवपदस्थ थाना प्रभारी दीपेश सैनी के निर्देशन में सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ एवं साइबर सेल टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारकर एक युवक को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया।

**मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई:** पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सनबोरा निवासी विरेन्द्र पनिका उर्फ बिट्टू (पिता - शिवनारायण पनिका, उम्र - 24 वर्ष) अवैध रूप से नशीले इंजेक्शन रखकर बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार



पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।

**190 नशीले इंजेक्शन बरामद:** तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से उसके सफेद झोले में रखे Re&ogesic Buprenorphine Injection - 95 नग और Pheniramine Maleate Injection IP - 95 नग, कुल 190 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। इनकी अनुमानित कीमत 66,500/- (छियासठ हजार पाँच सौ रुपये) बताई गई है।

**आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया:** आरोपी विरेन्द्र पनिका के खिलाफ सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**अभियान जारी रहेगा — पुलिस:** जिला पुलिस ने बताया कि नशीली दवाओं के अवैध व्यापार, मादक पदार्थ तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

**कार्रवाई में शामिल अधिकारी:** निरीक्षक विवेक पाटले, निरीक्षक दीपेश सैनी, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पांडे, सहायक उप निरीक्षक चेतन राम राजवाडे, प्रधान आरक्षक प्रिंस राय, पुष्कल सिन्हा, आरक्षक जितेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र यादव, हाफिज कुरैशी, उतरा कश्यप, एवं प्रदीप लकड़ा की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनजातीय गौरव रथ यात्रा रवाना, गांवों में बिरसा मुंडा आदर्शों का होगा प्रचार; योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन के कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल और जिला पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से जनजातीय गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह यात्रा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके आदर्शों और जनजातीय समाज के योगदान के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इसका लक्ष्य जिले के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर जनजागरण करना है।

सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि यह रथ यात्रा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विभिन्न ग्रामों में लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन,





आदर्शों और जनसेवा से अवगत कराएगी।

आज यह रथ यात्रा अनूपपुर से शुरू होकर ग्राम पंचायत सकरिया, बैरीबांध, जमुडी, सकरा, सजहा, लांघाटोला, पटना, शिवरीचंदास, राजेंद्रग्राम, लखौरा, धीरूटोला और गिरारी में भ्रमण करेगी।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की चार दिवसीय कार्यशाला संपन्न

### शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु विद्यालयों का मूल्यांकन, शिक्षकों को मिली प्रेरणा

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद (SCERT रायपुर) की टीम द्वारा जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 07 नवम्बर से 10 नवम्बर तक जिला मुख्यालय में संचालित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, शिक्षकों की पेशेवर दक्षता वृद्धि तथा शैक्षणिक नवाचारों के प्रसार को बढ़ावा देना है।

**उद्घाटन सत्र:** कार्यशाला का उद्घाटन अपर कलेक्टर नर्मता डोंगरे एवं जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मिरे द्वारा माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनोद पांडेय, एपीसी सूर्योदय सिंह तथा जिला नोडल अधिकारी खुशबू दास



उपस्थित रहे एवं कार्यशाला के संचालन में उनका सराहनीय योगदान रहा।

**विद्यालयों का शैक्षणिक मूल्यांकन एवं समीक्षा:** कार्यशाला के दूसरे दिन (08 नवम्बर 2025) राज्य स्तरीय मेंटर्स एवं जिला PLC (Professional Learning Community) शिक्षकों को चार समूहों में विभाजित कर विभिन्न विद्यालयों का दौरा कराया गया।

**टीमों ने निम्न बिंदुओं पर विद्यालयों का विस्तृत मूल्यांकन किया:** शिक्षण-पद्धति एवं छात्र अधिगम स्तर, शिक्षण सामग्री का उपयोग एवं शिक्षण वातावरण, विद्यालय अनुशासन एवं सामुदायिक भागीदारी, नवीन शिक्षण पहलें एवं व्यावहारिक नवाचार, राज्य के मेंटर्स के मार्गदर्शन में विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था की धरातलीय स्थिति का आकलन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट शिक्षण उदाहरणों को साझा किया गया तथा शिक्षण में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु रणनीतियाँ तैयार की गईं।

**शिक्षकों को मिली नई दिशा:** समीक्षा सत्र प्रेरक एवं संवादात्मक रहा, जिसमें शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, छात्र-केंद्रित पद्धति अपनाने, बच्चों की सीखने की गति पर विशेष ध्यान देने तथा विद्यालय स्तर पर नवाचार लागू करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यशाला में SCERT रायपुर की टीम, PLC शिक्षक गण एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक शामिल हुए।

**गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल:** चार दिवसीय यह कार्यशाला जिले में शिक्षण की गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल साबित हो रही है। इससे शिक्षकों में नवाचार, आत्म मूल्यांकन एवं शिक्षण-पद्धति सुधार की भावना को बल मिलेगा तथा बच्चों के अधिगम स्तर में उल्लेखनीय सुधार की संभावना है। जिला स्तर पर इस प्रकार की कार्यशालाएं राज्य की शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## रेत खदानों की ई-नीलामी प्रक्रिया की तिथि घोषित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक 713, 12 सितम्बर 2025 के तहत छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के अंतर्गत जिले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में रेत खदानों की इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन निविदाओं को खोलने की तिथि निर्धारित की गई है। निविदा खोलने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी - डांडहंसवाही-1 रेत खदान -13 नवम्बर 2025, प्रातः 10:00 बजे, मुर्किल-1 रेत खदान - 14 नवम्बर 2025, प्रातः 10:00 बजे, नेउर-1 रेत खदान - 20 नवम्बर 2025, प्रातः 10:00 बजे,सभी प्रक्रियाएं कलेक्टर सभाकक्ष, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में संपादित की जाएंगी।

## किसान कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, बर्बाद धान फसल के मुआवजे और समर्थन मूल्य की मांग; अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** जिला किसान कांग्रेस ने धान की बर्बाद हुई फसल का बोझा उठाकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय को एक ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों और कांग्रेस नेताओं द्वारा किया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की थी। इसमें गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल और धान का 3100 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था। हालांकि, वर्तमान में इन दरों पर खरीदी



नहीं की जा रही है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर धान, गेहूं और अन्य फसलों की खरीदी में असमर्थता जताई है। किसान कांग्रेस का आरोप है कि इस निर्णय से किसानों को अपनी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क) से कम दरों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने और संबंधित फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की मांग की।

किसानों ने बेमौसम बारिश के कारण गिरी हुई धान की फसल का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने मांग की कि सभी फसलों का सर्वे कराकर 100 प्रतिशत नुकसान मानकर क्षतिपूर्ति राशि का मुआवजा दिया जाए।

अन्य मांगों में धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये और गेहूं का 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदी, मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल से कम न करने, सिंचाई के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, पराली प्रबंधन के लिए अलग से अनुदान देने और भंडारण व परिवहन सुविधाओं के लिए विशेष राहत पैकेज जारी करने की बात कही गई।

अनूपपुर जिले में एस.ई.सी.एल. (कोल इंडिया) खदान के लिए अधिग्रहित की गई किसानों की जमीन के उचित मुआवजे और नौकरी की भी मांग की गई।

किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे जिला और प्रदेश स्तर पर किसानों के साथ बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जवाबदारी प्रदेश सरकार की होगी।

## दिल्ली गए न्यायाधीश के घर चोरी, चपरासी ने टूटा देखा ताला; क्या-क्या चोरी हुआ, पुलिस कर रही जांच



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** जिला मुख्यालय में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार वर्मा के घर में चोरी हो गई है। चोरों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया, जब न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण के लिए दिल्ली गए हुए थे। चोरी हुए सामान की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। विनोद कुमार वर्मा अनूपपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनका आज दिल्ली से अनूपपुर आने का कार्यक्रम था। सुबह करीब 11 बजे जब उनके घर का चपरासी पहुंचा, तो उसने घर का ताला टूटा हुआ पाया। चपरासी ने उन्हें इसकी सूचना दी।

उन्होंने अनूपपुर पहुंचने पर कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चोरों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चोर घर से क्या-क्या सामान ले गए हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# दिल्ली में धमाके के बाद रतलाम पुलिस अलर्ट

## बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर की जांच; डॉग स्क्वॉड की मदद से ट्रेनों को जांचा



**रतलाम, एजेंसी।** दिल्ली में लाल किला मैदान के पास हुए कार में धमाके की घटना के बाद रतलाम पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। सोमवार रात एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाखा समेत तमाम अधिकारी डॉग स्क्वॉड के साथ सड़क पर उतरे और विशेष चेकिंग अभियान चलाया। दिल्ली की घटना के बाद सोमवार रात में ही डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी आईजी और एसपी के साथ वीडियो क्रॉन्फेसिंग की। डीजीपी ने सतर्कता बरतने और संदिग्धों पर नजर रखने और चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसी को देखते हुए रतलाम एसपी अमित कुमार ने भी पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहकर लगातार जांच अभियान चलाने को कहा।

**बस स्टैंड-रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वॉड के साथ चेकिंग:** रात में ही एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाखा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्रपाल जादौन समेत सभी थाना प्रभारी बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जांच के लिए पहुंचे। एसपी ने शहर के माणकचौक थाना क्षेत्र में घूमे। एएसपी, सीएसपी ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, रेल्वे स्टेशन रोड, दिलबहार चौराहा समेत अन्य जगहों पर डॉग स्क्वॉड के साथ चार पहिया वाहनों की जांच की। वाहनों की डिग्गी खुलवाकर देखा गया। होटलों के बाहर खड़े युवाओं के बैग जांचे गए।

**रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के अंदर जांच:** देर रात जीआरपी व आरपीएफ ने भी रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वॉड के साथ चेकिंग अभियान चलाया। पार्सल घर समेत स्टेशन पर रात में आने-जाने वाली ट्रेनों के अंदर जाकर जांच की। डॉग स्क्वॉड की मदद से यात्रियों के सामान की भी जांच की गई।

एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि रतलाम पुलिस अलर्ट है। चेकिंग अभियान पूर्व से चल रहा है। दिल्ली में हुए धमाके को


# बालाघाट में युवती की गला रेतकर हत्या

## लोग वीडियो बनाते रहे; मर्डर करने के बाद आरोपी खुद बेहोश हो गया

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट में दिनदहाड़े एक युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी युवती के गले पर चाकू से वार करते नजर आ रहा है। ये वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने ही बनाया है, लेकिन युवती को बचाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। घटना बैहर के आमगांव में मंगलवार दोपहर को हुई। युवती की हत्या से परिजन और ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस हालात काबू करने में लगी है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या की गई है। युवती की पहचान आमगांव निवासी ऋतु भंडारकर के रूप में हुई है। एएसपी आदर्श-कांत शुक्ला ने बताया शव पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल में रखा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**बस का इंतजार कर रही थी युवती:** एएसपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि आमगांव की रहने वाली ऋतु भंडारकर (23) बैहर में एक फर्नीचर की दुकान पर काम करती थी। वह रोजाना गांव से बस से आना-जाना करती थी। रोजाना की तरह मंगलवार सुबह करीब 11 बजे आमगांव फाटा पर बस का इंतजार कर रही थी।

**चाकू देखकर कोई पास नहीं गया:**




प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इसी दौरान आरोपी युवक आया। लड़का बाइक से लिफ्ट लेकर आया था। कुछ देर उसने ऋतु से बात की, लेकिन फिर दोनों में बहस शुरू हो गई। तभी युवक ने चाकू निकाल लिया और युवती पर वार करना शुरू कर दिया। युवती लहूलुहान हालत में सड़क पर गिर गई। इसके बाद भी आरोपी गले पर वार करता रहा। आरोपी के हाथ में चाकू देखकर किसी की उसके पास जाने की हिम्मत नहीं हुई।

**युवती के दुपट्टे से खून से सने हाथ पोंछे:** आरोपी युवती के दुपट्टे से ही खून से सने हाथ पोंछे। मौके पर भीड़ जमा हो गई। जब पुलिस पहुंची तो आरोपी बेहोशी की हालत में मिला। साथ ही खून से सना चाकू और दोनों के मोबाइल भी पड़े मिले।

## खरगोन में मंदिर के ताले कटर से तोड़े

# सीसीटीवी में दिखे 2 संदिग्ध, 7 हजार कैश चोरी का अनुमान



**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन जिले में चित्तौडगढ़-भुसावल हाइवे से लगे जामली-पिपरखेड़ा स्थित पंचमुखी बालाजी हनुमान मंदिर और खाटू श्याम मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया है। बीती सोमवार रात करीब 1:40 बजे दो नकाबपोश बदमाशों ने इलेक्ट्रिक कटर से ताले तोड़े और मंदिर में रखी दानपेटियां चुरा लीं। चोरी की यह पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। चोरों ने दानपेटियों से नकदी निकालकर उन्हें पास के खेत में फेंक दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें दो नकाबपोश संदिग्ध कैद हुए हैं। फुटेज के अनुसार, रात करीब 1.40 बजे दो बदमाश इलेक्ट्रिक कटर मशीन की मदद से मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे का ताला काटते हुए और दानपेटियां चुराकर ले जाते हुए दिखाई दिए।

**हाथ में ग्लब्ज, चेहरे पर बंधा था कपड़ा:** मंदिर समिति के राहुल सोनी ने बताया कि चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने हाथों में ग्लब्ज पहने थे और चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। ताला काटने के बाद चोरों ने मंदिर में रखी दानपेटियां चुराई।

**सुबह खेत में मिलीं खाली दानपेटियां:** सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, तब उन्हें इस चोरी का पता चला। मंदिर परिसर में हनुमानजी के साथ खाटू श्याम का मंदिर भी अलग से बना हुआ है। चोरों ने दानपेटियों से नकदी निकालकर उन्हें पास के खेत में फेंक दिया। मंदिर से कुछ दूरी पर खाली और टूटी-फूटी दानपेटियां मिलीं।

**15 दिन में खुलती थीं दानपेटियां:** राहुल सोनी के अनुसार, दानपेटियां हर 15 दिन में, यानी एकादशी पर खोली जाती थीं। अनुमान है कि चोरों ने लगभग 6 से 7 हजार रुपये की नकदी चुराई है।

**हादसों को रोकने के लिए बना था मंदिर:** ग्रामीणों ने बताया कि यह मंदिर हाइवे पर जामली-पिपरखेड़ा के बीच एक अंधे मोड़ पर स्थित है। इस जगह पर पहले कई सड़क हादसों में लोगों की जान जा चुकी है, जिसके बाद हादसों को रोकने के उद्देश्य से यहां मंदिर का निर्माण कराया गया था।

# सागर के जलंधर में शराबबंदी का निर्णय

## शराब बेचने पर 51 हजार और पीने पर 5100 का जुर्माना



**सागर, एजेंसी।** सागर जिले के जलंधर गांव में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया है। अब गांव में अवैध शराब बेचने वालो पर 51,000 रुपए और शराब पीते पाए जाने पर 5,100 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। शराबबंदी को लेकर महिलाओं, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने रैली निकाली और गांव में शराब न पीने व न बेचने की शपथ ली। गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए रैली रामजी सरकार मंदिर तक गई। करीब 500 ग्रामीणों ने मंदिर के सामने शराब न पीने और न बेचने की शपथ ली। रैली में ग्रामीणों ने हाथों में बैनर और पोस्टर रखे थे, जिनमें शराबबंदी का संदेश लिखा था।

**बैठक में तय हुआ जुर्माना:** शराबबंदी से पहले सरपंच छोटे चढार और ग्रामीणों के सहयोग से पूरे गांव की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर कोई व्यक्ति शराब बेचते पाया गया तो उसे 51,000 रुपए जुर्माने के रूप में मां ज्वाला देवी मंदिर को दान करना होगा। वहीं, शराब पीते पाए जाने पर 5,100 रुपए की राशि दान करनी होगी।

**ग्रामीणों और रिटायर्ड फौजी का योगदान:** गांव में शराबबंदी की अलख रिटायर्ड फौजी विजेंद्र सिंह जाट ने ग्रामीणों के सहयोग से जगाई। गांव के वीरन यादव ने कहा कि हम लोग शराब नहीं बेचने के पक्ष में हैं। हमारे यहां अगर कोई शादी- विवाह होता है तो उनसे भी कह दो कि बारात में शराबी नहीं आएंगे। हमारे यहां शराब बंद है। तब जाकर हमारा प्रयास सफल होगा।

**टीआई बोले- शराबबंदी के फैसले का स्वागत:** पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुजूर ने कहा कि जलंधर गांव में शराबबंदी हुई। गांव वालों का मैं स्वागत करता हूं। कोई शराब बेच रहा है या शराब पीकर उत्पात मचा रहा है तो मैं उस पर कार्रवाई करूंगा। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच छोटे चढार, मलिक तिवारी, देशराज यादव, धीरज यादव, खन्ना यादव, निरंजन सिंह और महेंद्र जैन सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# होमवर्क नहीं करने पर चौथी क्लास की छात्रा की पिटाई

**रीवा, एजेंसी।** रीवा के एक निजी स्कूल में चौथी क्लास की छात्रा को होमवर्क नहीं करने के कारण टीचर ने बेरहमी से पीटा। घटना रविवार की है, जो मंगलवार को बिछिया थाने पहुंची। पिटाई में छात्रा की एक आंख सूजी और सिर पर गंभीर चोटें आईं। मामले में छात्रा और स्कूल प्रबंधन दोनों ने बिछिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़िता छात्रा के पिता ने कहा कि मैंने स्कूल संचालक और प्रिंसिपल से लगातार संपर्क कर पिटाई की वजह जानने की कोशिश की, लेकिन उल्टा स्कूल प्रबंधन ने बिछिया थाने में मेरे खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। पिता ने आगे बताया कि जब स्कूल प्रबंधन ने उनकी शिकायत नहीं सुनी, तो उन्होंने सोशल मीडिया पर पूरी घटना साझा की। इसके बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं आईं। उन्होंने कहा कि कुछ कमेंट आपत्तिजनक थे, जिसको आधार बनाकर स्कूल प्रबंधन ने अपनी करतूत छिपाते हुए मेरे खिलाफ बिछिया थाने में लिखित तहरीर दी है।

**बच्ची के सिर और चेहरे पर चोट:** पीड़िता छात्रा ने पुलिस को बयान दिया कि मुझे बहुत बेरहमी से मारा। मारा मारकर मेरा गाल लाल कर दिया। मेरे सिर पर गंभीर चोट आई है। अंदरूनी चोट लगी है, जिसकी वजह से दर्द लगातार बना रहता है। मेडिकल रिपोर्ट में भी सिर पर अंधरूनी चोट की पुष्टि हुई है। मंगलवार सुबह पेरेंट्स ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में स्कूल प्रबंधन ने कहा कि लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। हम सभी बच्चों और उनके पैरेंट्स से अच्छा व्यवहार करते हैं।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद नर्मदापुरम में अलर्ट, इटारसी रेलवे जंक्शन पर डॉग स्क्वॉड नर्मदापुरम-पिपरिया में पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी की संयुक्त चेकिंग



**नर्मदापुरम, एजेंसी।** दिल्ली में लाल किला मैदान के बाहर कार में हुए विस्फोट में 9 लोगों की मौत हुई। घटना के बाद देशभर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, पिपरिया और इटारसी में पुलिस ने जांच अभियान तेज कर दिया है। सोमवार रात दिल्ली की घटना के बाद डीजीपी कैलाश मकवाना ने ढूल, छ्ढूल, स्क्र के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**नर्मदापुरम में बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर चेकिंग:** डीजीपी के निर्देश पर नर्मदापुरम एसपी साई कृष्णा थोटा ने सतर्कता बरतने और सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। कोतवाली थाना के एसआई जितेंद्र चौहान और एसआई अनुज बघेल ने बस स्टैंड पर बसों और ऑटो की जांच की। यात्रियों के सामान भी देखे गए। रेलवे स्टेशन पर कोतवाली पुलिस ने आरपीएफ प्रभारी संतोष पटेल के साथ संयुक्त चेकिंग की। यात्रियों से पूछताछ की गई और संदिग्ध व्यक्ति की भी जांच की गई। यात्रियों से कहा गया कि कोई भी लावारिस बैग, टिफिन या थैली दिखाई दे तो उसे न छूएं और तुरंत पुलिस को सूचना दें।

**पिपरिया स्टेशन और शहर में भी चेकिंग अभियान:** पिपरिया रेलवे स्टेशन, माल गोदाम और शहर के अन्य हिस्सों में चेकिंग की गई। थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष चेकिंग की जा रही है। पचमढ़ी जाने वाले लोग पिपरिया उतरते हैं, उनकी सुरक्षा को देखते हुए चेकिंग की गई।

**प्रदेश के सबसे बड़े जंक्शन पर डॉग स्क्वॉड से चैकिंग:** दिल्ली ब्लास्ट के बाद प्रदेश के सबसे बड़े रेलवे जंक्शन इटारसी में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और पार्सल ऑफिस की तलाशी ली गई। डॉग स्क्वॉड और जवानों के साथ ट्रेनों के अंदर भी जांच की गई। जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे ने कहा कि नर्मदापुरम जिले में सुरक्षा बढ़ाई गई है।

# टीकमगढ़ नजाई मंडी, 14 दुकानदार 5 किराएदार प्रक्रिया से बाहर

## हाईकोर्ट के निर्देश पर 48 दुकानदारों की सुनवाई, जवाब पेश

**टीकमगढ़, एजेंसी।** टीकमगढ़ की लगभग 100 साल पुरानी नजाई मंडी को गिराकर नई दुकानें बनाने की तैयारी चल रही है। इस मामले में नगर पालिका ने 48 दुकानदारों की सुनवाई के बाद अपना जवाब जबलपुर हाईकोर्ट को सौंप दिया है। हालांकि, 14 दुकानदार और 5 किराएदार इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए हैं। नगर पालिका ने करीब चार महीने पहले दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे। इसके बाद दुकानदारों ने जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट के निर्देश पर नगर पालिका की अपीलीय समिति ने दुकानदारों के साथ बैठक कर उनकी बात सुनी।

प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बिल्डिंग के भौतिक सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया है। इस टीम में नगर पालिका के इंजीनियर शाखा प्रभारी और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। टीम को बिल्डिंग का निरीक्षण कर उसमें रह रहे लोगों की सूची और क्षेत्रफल का ब्यौरा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह उल्लेखनीय है कि लगभग 14 दुकानदार और बिल्डिंग के 5 किराएदार हाईकोर्ट की प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए थे। इसी कारण नगर पालिका ने अभी तक इन लोगों को सूची में शामिल नहीं किया है। हाईकोर्ट में केवल उन 48 दुकानदारों के मामले में सुनवाई की गई है, जिन्होंने याचिका दायर की थी। प्राचीन नजाई मंडी में कुल 62 दुकानदार और 5 किराएदार रहते हैं। ऐसे में, केवल 48 दुकानदारों की सुनवाई होना एक महत्वपूर्ण पहलू है।

इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश के कारण अपीलीय समिति ने सिर्फ 48 दुकानदारों को बुलाया था। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि बिल्डिंग गिराकर दोबारा निर्माण होता है, तो विस्थापन प्रक्रिया के तहत उसमें निवासरत सभी दुकानदारों और किराएदारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# गांजा तस्करी का फरार आरोपी प्रतापगढ़ से गिरफ्तार

## 24 सितंबर को दर्ज हुआ था केस; कार से पकड़ाए तस्कर को की थी सप्लाई



**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर की वायडी नगर पुलिस ने मादक पदार्थ गांजे की तस्करी के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अली सैय्यद को प्रतापगढ़ (राजस्थान) से पकड़ा गया है। वह 24 सितंबर 2025 को दर्ज एक मामले में घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। आरोपी ने एक कार चालक को गांजे की सप्लाई की थी, जिसे पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था। यह मामला 24 सितंबर 2025 को मुल्तानपुरा चौकी पर एक मुखबिर की सूचना के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार (क्रमांक MP-04 CL-0651) का चालक अवैध गांजा लेकर जाने वाला है।

**चालक फज्जु हुआ था गिरफ्तार:** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार चालक फज्जु पिता मुश्ताक कागला मुल्तानी (32 वर्ष, निवासी कोडिया डेरा मुल्तानपुरा, मंदसौर) को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ वायडी नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**पूछताछ में सामने आया मोहम्मद का नाम:** विवेचना के दौरान, गिरफ्तार आरोपी फज्जु कागला ने बताया कि उसने यह अवैध गांजा मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अली सैय्यद पिता रमजान अली सैय्यद (निवासी तलाई मोहल्ला, प्रतापगढ़) से प्राप्त किया था। फज्जु के बयान के बाद पुलिस ने मोहम्मद को भी इस प्रकरण में आरोपी बनाया था। घटना के बाद से ही मोहम्मद फरार था, जिसे वायडी नगर पुलिस ने सोमवार शाम को प्रतापगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अली सैय्यद (उम्र 22 वर्ष) के रूप में हुई है। वह रमजान अली सैय्यद का पुत्र है और तलाई मोहल्ला, हाल मुकाम मल्टी धरियावद रोड, प्रतापगढ़, थाना कोतवाली प्रतापगढ़, जिला प्रतापगढ़, राजस्थान का निवासी है।

# युवक को अगवा कर मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार, छतरपुर में खेत से उठाकर जंगल ले गए थे, पहले से भी 8 केस दर्ज




**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर के भगवा थाना पुलिस ने एक युवक को खेत से अगवा कर जंगल में ले जाकर मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई घटना के चार दिन के भीतर की गई है। यह वारदात पुराने विवाद के चलते की गई थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और लाठी-डंडे भी बरामद किए हैं। मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम झिंगरी निवासी पीड़ित को आरोपियों ने पुराने विवाद के चलते खेत से जबरन उठाया था। उसे मोटरसाइकिल से जंगल में ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया था। इस संबंध में भगवा थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**ये तीन आरोपी हुए गिरफ्तार:** गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान ग्राम खैरी निवासी राजा भैया (पिता सुखसाहब सिंह), सत्यम राजा (पिता चाली राजा) और थाना शाहगढ़, जिला सागर के ग्राम गढ़ीपुरा नरवा निवासी सेवेन्द्र सिंह (पिता भानु सिंह बुंदेला) के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और लाठी-डंडे भी बरामद किए हैं।

**मुख्य आरोपी मोटू राजा अभी भी फरार:** इस मामले में मोटू राजा नामक एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस के मुताबिक, मोटू राजा पर हत्या के प्रयास, मारपीट और जुआ सहित कुल 8 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। अन्य गिरफ्तार आरोपियों में सेवेन्द्र सिंह पर मारपीट और एससी/एसटी एक्ट के तहत 4 मामले दर्ज हैं, जबकि सत्यम राजा भी मारपीट और अवैध वसूली जैसे मामलों में शामिल रहा है।

**आरोपियों को भेजा जेल:** पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। फरार आरोपी मोटू राजा की तलाश में पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है।

# आईपीएस बनना चाहते थे संजू सैमसन, कांस्टेबल पिता ने खुद की नौकरी छोड़कर बनाया क्रिकेटर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूं तो भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने कभी आईपीएस ऑफिसर बनना चाहा था, लेकिन पिता के सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने क्रिकेट को बतौर करियर चुना। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स की कमान संभाल चुके संजू सैमसन ने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। 11 नवंबर 1994 को तिरुवनंतपुरम में जन्मे संजू सैमसन के पिता सैमसन विश्वनाथ दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। पिता को खाकी वर्दी में देखकर संजू सैमसन ने आईपीएस अधिकारी बनने का मन बना लिया था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। संजू सैमसन अपने पिता के साथ दिल्ली के किंग्सवे कैंप में रहते थे। यहां संजू भी दूसरे बच्चों की तरह गली क्रिकेट खेला करते। घर के पास एक सड़क थी, जहां एक दिन संजू क्रिकेट खेलते हुए बोल्ड हो गए। जब पिता ने बेटे से पूछा कि वह बोल्ड कैसे हो गया? संजू ने बताया कि सड़क पर एक गड्ढा था। बॉल उससे टकराकर नीचे रह गई थी।

जब अगले दिन संजू स्कूल से वापस लौट रहे थे, तो देखा कि पिता अपने हाथों से उस गड्ढे को भर रहे हैं। इसके बाद पिता ने संजू से पूछा कि ÷बेटा, अब तो गड्ढा नहीं है?

पिता के दोस्त अक्सर उनसे कहते कि वह बेकार ही बेटे पर इतनी मेहनत कर रहे हैं। एक क्रिकेटर बनना बहुत मुश्किल है, लेकिन पिता ने जिस सपने को देखा था, उसे पूरा करने की ठान ली थी।

साल 2006 में संजू सैमसन का दिल्ली की अंडर-13 टीम में चयन नहीं हुआ, जिसके बाद पिता ने नौकरी की कुर्बानी देते हुए पूरे परिवार के साथ तिरुवनंतपुरम लौटने का फैसला किया। दिल्ली पुलिस की नौकरी छोड़कर पिता बेटे को कड़ी ट्रेनिंग देने लगे। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई।

साल 2011 में संजू सैमसन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया, जिसके बाद अगले ही साल लिस्ट-ए मुकाबले में भी उतरे। इसमें शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला और साल 2013 में संजू राजस्थान रॉयल्स की ओर से आईपीएल खेले।

अपने पहले ही सीजन में 11 मुकाबलों में 206 रन बनाने वाले संजू को आईपीएल 2014 में राजस्थान रॉयल्स ने 4 करोड़ में रिटेन किया। इस सीजन में उन्होंने 13 मुकाबलों में 339 रन जोड़े। साल 2015 में संजू को भारत की टी20 टीम में चुन लिया गया।

संजू ने 19 जुलाई 2015 को अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला, जिसमें 19 रन बनाए, लेकिन इसके बाद उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए करीब 5 वर्ष का इंतजार करना पड़ा।

संजू आईपीएल में लगातार अपनी चमक बिखेर रहे थे। साल 2021 में संजू को वनडे डेब्यू का भी मौका मिला।

उतार-चढ़ाव भरे करियर में संजू सैमसन ने मौका मिलने पर अपना दमखम दिखाया है। इस दौरान कुछ मैच जिताऊ पारी खेलकर फैंस का दिल भी जीता। संजू सैमसन ने अपने वनडे करियर में 16 मैच खेले, जिसमें 56.66 की औसत के साथ 510 रन बनाए। वहीं, 51 टी20 मुकाबलों में उनके नाम 3 शतक और 3 अर्धशतकों के साथ 995 रन दर्ज हैं। फर्स्ट क्लास करियर में 39.27 की औसत के साथ 3,888 रन बना चुके संजू ने लिस्ट-ए क्रिकेट में 3,487 रन जुटाए हैं। 177 आईपीएल मुकाबलों में इस खिलाड़ी ने 4,704 रन बनाने के साथ 86 कैच लपके और 17 खिलाड़ियों को स्टंप आउट भी किया है।

# रणजी ट्रॉफी : औकिब नबी दार के पंजे में फंसी दिल्ली

## जम्मू-कश्मीर ने 7 विकेट से जीता मैच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। औकिब नबी दार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने दिल्ली की पहली पारी में 5 विकेट हासिल किए। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की पहली पारी महज 211 रन पर सिमट गई। टीम 14 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान आयुष बडोनी ने आयुष दोसेजा के साथ चौथे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। आयुष बडोनी 82 गेंदों में 6 चौकों के साथ 64 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दोसेजा ने 65 रन की पारी खेली। वहीं, सुमित माथुर 55 रन बनाकर नाबाद रहे।

इस पारी में औकिब नबी ने 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि वंशराज शर्मा और आबिद मुश्ताक ने 2-2 विकेट निकाले।

इसके जवाब में जम्मू-कश्मीर की टीम ने पहली पारी में 310 रन बनाए। टीम 46 के स्कोर तक 4 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान डोगरा ने अब्दुल समद के साथ पांचवें विकेट के लिए 141 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला।


डोगरा 106 रन बनाकर आउट हुए, जबकि समद ने टीम के खाते में 85 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से सिमरजीत सिंह ने 6 विकेट हासिल किए।

जम्मू-कश्मीर के पास पहली पारी के आधार पर 99 रन की बढ़त थी। दिल्ली की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 277 रन पर सिमट गई। ऐसे में मेहमान टीम को जीत के लिए 179 रन का टारगेट मिला।

हालांकि, इस पारी में कप्तान आयुष बडोनी ने 72 रन बनाए, जबकि दोसेजा ने 62 रन की पारी खेली, लेकिन विपक्षी टीम के सामने मजबूत चुनौती पेश नहीं कर सके। आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए जम्मू-कश्मीर ने 43.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस पारी में कामरान इकबाल ने नाबाद 133 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने विव्रांत शर्मा के साथ 82 रन की साझेदारी की।

# एटीपी फाइनल्स : सिनर की शानदार शुरुआत, अलियासिमे को 7-5, 6-1 हराया

**ट्यूरिन, एजेंसी।** इटली के स्टार खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 7-5, 6-1 से शिकस्त देकर एटीपी फाइनल्स में आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की है। सिनर ने चोट से जूझ रहे कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 1 घंटे 41 मिनट तक चले मुकाबले में शिकस्त दी। इस जीत के साथ जैनिक सिनर ने ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में अपना रिकॉर्ड 1-0 कर लिया है। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी अब लगातार 27 मैचों से जीत की लय में हैं। उन्होंने 2023 के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद से एटीपी फाइनल्स में एक भी सेट नहीं गंवाया है। जैनिक सिनर और ऑगर-अलियासिमे ने पहले सेट में कड़ा संघर्ष किया। कनाडाई खिलाड़ी ने 3-2 पर दो ब्रेक प्वाइंट और 5-4 पर एक सेट प्वाइंट बचाने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन वह 12वें गेम में सिनर को निर्णायक ब्रेक नहीं दे पाए। इस बीच उन्होंने अपने बाएं पैर में दर्द महसूस किया। फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने पहले सेट के अंत में ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइम-आउट लिया।



फेलिक्स ऑगर-अलियासि दूसरे सेट के दूसरे गेम में सर्विस गंवाने के बाद उबर नहीं पाए। वह बाईं पिंडली में दर्द से परेशान थे। ऐसे में कोर्ट पर ही उनका उपचार किया गया। परेशानी के बावजूद उन्होंने लगातार संघर्ष किया, लेकिन सेट को 1-6 से गंवा बैठे।

मुकाबला जीतने के बाद सिनर ने ऑगर-अलियासिमे के बारे में कहा, मुझे उम्मीद है कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं होगी। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उम्मीद करता हूं कि वह पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएं।÷

इनाल्पी एरिना में जीत के साथ सिनर ने एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 के लिए कार्लोस अल्काराज को पछाड़ने की अपनी संभावनाओं को भी बरकरार रखा है। लाइव रैंकिंग में यह इतालवी खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी से 1,050 अंक पीछे है।

दूसरी ओर, अल्काराज ने रविवार दोपहर एलेक्स डी मिनौर को हराकर अपने एटीपी फाइनल्स अभियान की शुरुआत की थी।

# एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप - भारत का शानदार प्रदर्शन

## रिकर्व पुरुष और कंपाउंड महिला टीमें फाइनल में

**ढाका, एजेंसी।** एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में सोमवार को भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। भारतीय पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने फाइनल में जगह बना ली है। अतनु दास, यशदीप संजय भोगे और राहुल की दूसरी वरीयता प्राप्त पुरुष रिकर्व टीम ने कजाकिस्तान को 5-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। अब फाइनल में भारत के सामने साउथ कोरिया होगा, जो सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान को 6-2 से शिकस्त देकर यहां तक पहुंचा है। भारत की पुरुष तिकड़ी ने तुर्कमेनिस्तान पर 6-2 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में मलेशिया को 6-0 से शिकस्त दी।



25 वर्षीय संजय भोगे ने क्वालीफिकेशन राउंड में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ क्वालीफिकेशन स्कोर 687 अंक हासिल किया। इस दौरान नौ ङ्ग10 शामिल थे। उन्होंने इससे पहले एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पदक बैंकॉक में 2019 एशिया कप में मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता था।

अनुभवी तीरंदाज अतनु 668 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे, जबकि 666 अंकों के साथ राहुल ने 11वां स्थान हासिल किया।

दूसरी ओर, ज्योति सुरेखा वेन्नम, पृथिका प्रदीप और दीपशिखा की महिला तिकड़ी ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 234-227 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया है। यहां उनका सामना साउथ कोरिया से होगा, जिसने ईरान को 237-227 से मात दी है।

शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला टीम ने क्वार्टर फाइनल में वियतनाम पर 235-225 से जीत दर्ज की थी। इसके बाद सेमीफाइनल में मेजबान बांग्लादेश को शिकस्त दी।

भारत की दीपशिखा क्वालीफिकेशन राउंड में 705 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। वहीं, वर्ल्ड नंबर-2 ज्योति सुरेखा वेन्नम 703 अंकों के साथ दूसरे और पृथिका प्रदीप 702 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। चिकिथा तनिपर्थी ने 701 अंकों के साथ चौथे पायदान अपने नाम किया। एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को ढाका में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं के साथ प्रतिस्पर्धा जारी रहेगी। यह प्रतियोगिता पूरे सप्ताह चलेगी। कंपाउंड फाइनल गुरुवार को और रिकर्व फाइनल शुक्रवार को होंगे।

# ट्राइडेंट ओपन गोल्फ से पहले मेंबर्स और युवाओं को प्रोफेशनल ने दिए टिप्स

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में ट्राइडेंट ओपन से पहले प्रोफेशनल गोल्फ कोचों ने मेंबर्स और युवाओं को खेल से रू–ब–रू कराते हुए उन्हें अहम टिप्स दिए। इस सेशन को खास तौर पर चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित किया गया। यूएसए से आए डेरेक ट्रोफिमचुक और गुरखी शेरगिल ने कोर्स पर यंगस्टर्स के साथ बात करते हुए उन्हें टिप्स दिए। सेशन के दौरान गोल्फर्स को बताया कि गोल्फ केवल ताकत का नहीं, बल्कि धैर्य, एकाग्रता और मानसिक संतुलन का खेल है। उन्होंने युवाओं को स्विंग तकनीक, ग्रिप नियंत्रण, पटिंग के दौरान ध्यान केंद्रित करने और कोर्स पर अनुशासन के बारे में बताया। अमेरिका के 32 साल के कोच डेरेक ट्रोफिमचुक ने कहा कि इस गेम को काई भी और किसी भी उम्र में शुरू कर सकता है। गोल्फर निरंतर अभ्यास और सही फिटनेस पर ध्यान देने से तकनीक को बेहतर बना सकते हैं। युवाओं को यह भी बताया गया कि वे छोटी गलतियों से सीखें, अपने हर शॉट का विश्लेषण करें और जल्दबाजी से बचें। डेरेक टेक्सास के फोर्ट वोर्थ के रहने वाले हैं। उन्होंने मैक्सीकन प्रोफेशनल टूर पर पिछले दो सालों से खेल रहे हैं और चाइना टूर पर भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है।






# भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मिल सकता है विदेशी स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला वनडे विश्व कप खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम के बैकरूम स्टाफ में पहली बार किसी विदेशी स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच को शामिल किया जा सकता है। भारत ने 2 नवंबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ नवी मुंबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में 52 रन से जीत दर्ज की थी। अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसी साल अप्रैल में अपने विभिन्न मैच और टूर्नामेंट्स के लिए महिला टीम के लिए हेड फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के लिए आवेदन मांगे थे। इसके तुरंत बाद, बेंगलुरु में इसके लिए साक्षात्कार हुए।

एक सूत्र ने सोमवार को आईएएनएस को बताया कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) में स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग के वर्तमान प्रमुख नाथन कीली भारतीय महिला टीम के नए स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल हो सकते हैं।

कीली ने न्यू साउथ वेल्स क्रिकेट टीम के साथ असिस्टेंट स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में काम करने के अलावा महिला बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के फिजिकल परफॉर्मेंस कोच के रूप में भी काम किया है। कीली पेशेवर रग्बी लीग फुटबॉल क्लब सिडनी रूस्टर्स और ब्रिस्बेन ब्रोंकोस के साथ भी काम कर चुके हैं। हर्षा पिछले कुछ महीनों से भारतीय महिला टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच थे, जिन्होंने विश्व कप खिताब जीतने की कोशिशों में टीम की फिटनेस सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई थी। माना जा रहा है कि हर्षा को पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में विभिन्न आयु-वर्गों के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर को देखते हुए अन्य कार्यभार सौंपे जाएंगे। फिलहाल हर्षा बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से जुड़े हैं। भारतीय पुरुष टीम में वर्तमान में एड्रियन ले रॉक्स इस भूमिका में हैं। अब वह टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में हैं।

# राज्यस्तरीय अंडर–14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए एक दिवसीय चयन ट्रायल संपन्न

## अब जिला स्तरीय चैलेंजर ट्रॉफ़ी की परफॉरमेंस के आधार पर होगा 16 सदस्यीय भरतपुर जिले की टीम का चयन

**भरतपुर, एजेंसी।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान मे नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में जयपुर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम चयन हेतु 9 नवंबर को एक दिवसीय चयन ट्रायल जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के क्रिकेट ग्राउंड मॉडर्न स्कूल बरसो पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर द्वारा आयोजित की गई थी।जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि एक दिवसीय चयन ट्रायल के दौरान भरतपुर जिले से लगभग 77 खिलाड़ियों ने भाग लिया इन सभी में से चयनकर्ताओं ने 39 खिलाड़ियों का चयन किया है सचिव ने यह भी बताया कि चयनित 39 खिलाड़ियों की 13-13 सदस्यों वाली तीन टीम बनाई गई है सचिव ने यह भी बताया कि जिला स्तरीय चैलेंजर ट्रॉफी आयोजित की जा रही है इस चैलेंजर ट्रॉफी में तीनों टीमों के नाम ज़िले के पूर्व दिवंगत खिलाड़ियों के



नाम पर रखे गए हैं अब इस चैलेंजर ट्रॉफी के मैचों में किये गये बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर ही भरतपुर जिले की 16 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा जिला क्रिकेट संघ द्वारा नियुक्त किए गए चयनकर्ता नरेश खत्री, सूरज शर्मा, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह तथा पंकज गोयल चयन समिति में शामिल थे इन सभी चयनकर्ताओं के द्वारा 39 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो कि निम्न प्रकार है मानवेंद्र सिंह, अनमोल शर्मा, आदित्य व्यास, जितेंद्र शर्मा, कुशल सैनी, शिवम सिरधना, प्रवीर शर्मा, अनंत, विहान चतुर्वेदी, मोहित सोलंकी, श्रेयांश फौजदार, शौर्य, प्रतीक गुर्जर, हर्षल, दुष्यंत चौधरी, भावेश बघेल, वंश चाहर, अरनब खैमरा, देव फ़ौजदार, उत्कर्ष शर्मा, हेमंत योगी, विभान चौधरी, विकास चौधरी, अनिरुद्ध, राज सिंह, मोहित शर्मा, आयुष सोलंकी, मिलन चौधरी, नावेद, देव चौधरी, कार्तिक गोयल, यशराज, आदित्य, मोक्ष कुंतल, यदुवीर सिंह प्रशांत चाहर, रियान गुर्जर, लक्ष्यराज सिंह को शामिल किया गया है इस चयन ट्रायल के दौरान जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विष्णु प्रकाश अग्रवाल उपाध्यक्ष राजकुमार जैन संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता और भरत तिवारी सदस्य राहुल लोहिया, वीनू सिंह, गौरव फौजदार, देवेंद्र सिंह कालू, सुमित अरोड़ा, सचिन तिवारी रजत शर्मा, शैंकी तथा वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विश्व कप शतरंज : अर्जुन , प्रज्ञानंदा समेत पाँच खिलाड़ी अंतिम 32 में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व


**गोवा, एजेंसी।** फीडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर के टाईब्रेक मुकाबलों के साथ आज तीसरा राउंड भी पूरा हो गए 24 खिलाड़ियों के सबसे बड़े दल के साथ शुरू हुआ भारत के अभियान अंतिम 32 तक पहुंचते पहुंचते अब 5 खिलाड़ियों के कंधों पर टिका हुआ है। कल विश्व चैंपियन डी गुकेश की विदाई के बाद आज टाईब्रेक में भारत के विदित गुजराती यूएसए के सैम शांकलैंड से 3.5-2.5 से हारकर तो एसएल नारायणन चीन के यू यांग्यी से 2.5-1.5 से हारकर बाहर हो गए। वहीं आज टाईब्रेक खेल रहे भारतीयों में कार्तिक वेंकटरामन एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जो रोमानिया के डेक बोगदान डेनियल को 2.5-1.5 से पराजित करते हुए अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहे यह कार्तिक के खेल जीवन का अब तक का सबसे बड़ा सफल परिणाम है। अब आगे की चुनौती है और कठिन ~ अब तक के सबसे ज़्यादा उलटफेर वाले विश्व कप के तौर पर गोवा विश्वकप को पहचाना जा रहा है और भारत के लिए इन पांचों खिलाड़ियों में सबसे ज़्यादा अर्जुन और प्रज्ञानंदा पर सबकी नजरे है।


अब एक दिन के विश्राम के बाद अर्जुन एरिगैसी का सामना हंगरी के दिग्गज खिलाड़ी पीटर लेको से होगा जबकि प्रज्ञानंदा के सामने होंगे रूस के पूर्व रैपिड विश्व चैंपियन डेनियल डुबोव, पेंटाला हरिकृष्णा का सामना स्वीडन के नील्स ग्रैंडेलियस से होगा जबकि प्रणव वी उज़्बेकिस्तान के याकुब्बोएव नोदीरबेक से टक्कर लेंगे जबकि कार्तिक वेंकटरमन का सामना वियतनाम के लिम क्वांग लिम से होगा।

## गली क्रिकेट टूर्नामेंट अपने अंतिम चरण में

# बरवाला , भरौली, सेक्टर-1 और सतलुज स्कूल टीम ने जमाया सेमीफाइनल में स्थान

**पंचकूला, एजेंसी।** प्रथम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जिला पंचकूला गली क्रिकेट टूर्नामेंट अपने रोमांचक अंतिम चरण में पहुंच गया है। सोमवार को खेले गए प्री-क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए बरवाला,, भरौली, सेक्टर-1 और सतलुज स्कूल की टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पंचकूला के दो क्रिकेट ग्राउंडों पर खेले गए इन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और उत्साह का परिचय दिया। हर मैच में बल्ले और गेंद के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली, वहीं दर्शकों ने भी पूरे जोश के साथ अपनी-अपनी टीमों का उत्साहवर्धन किया। ज्ञान चंद गुप्ता ने दी बधाई ~ हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने सेमीफाइनल में पहुंची सभी चारों टीमों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की।उन्होंने खिलाड़ियों को फाइनल मुकाबले में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ÷इस टूर्नामेंट ने युवाओं को खेल और अनुशासन की भावना से जोड़ा है। यह न केवल प्रतिभा का मंच है, बल्कि भाईचारे और खेल भावना का उत्सव भी है।





**राज्यपाल करेंगे पुरस्कृत :** टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार, 11 नवंबर 2025 को खेला जाएगा। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल हरियाणा, प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे विजेता, उपविजेता टीमों और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करेंगे।

स्पोटर्स प्रमोशन सोयायटी के चेयरमैन श्री ज्ञान चंद गुप्ता जी प्री-क्वाटर फाइनल मैचों मैचों का उत्साह देखने जे.आर क्रिकेट ग्राउंड नग्गल में गए यहां गुप्ता जी ने प्री-क्वाटर फाइनल खेल रही सभी टीमो के खिलाड़ियों से मिलकर और हाथ मिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया। गुप्ता जी क्वाटर फाईनल मे पहंची सभी टीमों का शुभकानाए दी और फाईनल में श्रेष्ठ पदर्शन करने के लिए उत्साहित किया। श्री गुप्ता ने यहां क्रिकेट खेलकर कुछ शॉट भी खेले।श्री गुप्ता ने बताया कि आज खेले गए मुकाबलों के बाद टूर्नामेंट रोमांचक मोड़ पर पहुँच चुका है। कल के मैचों के बाद विजेता टीमें सेमीफाइनल की दौड़ में प्रवेश करेंगी। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले कल 11 नवंबर को ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में भव्य स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में माननीय राज्यपाल, हरियाणा, प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विजेता टीम को 1 लाख रुपये का नगद पुरस्कार व अटल ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 51,000 रुपये नगद व अश्वनी गुप्ता ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त श्रेष्ठ बल्लेबाज, श्रेष्ठ गेंदबाज, श्रेष्ठ ऑलराउंडर, श्रेष्ठ कैचर, श्रेष्ठ फील्डर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को ?5100/- के विशेष पुरस्कार से नवाजा जाएगा। आज के मुकाबलों के दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों की फिटनेस, खेल अनुशासन और उत्साह देखने योग्य रहा।

# 29 लाख का गांजा जब्त, 1.45 क्विंटल गांजा लदी इनोवा कार पकड़ी; घेराबंदी तोड़कर भागे तस्कर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सिविल लाइन पुलिस ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात रामवन गमन मार्ग पर दबिश देकर 29 लाख रुपये मूल्य का लगभग डेढ़ क्विंटल (145 किलोग्राम) गांजा जब्त किया है। यह गांजा एक इनोवा कार (क्रमांक एमपी 19 सीए 2023) में लदा था। तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, हालांकि पुलिस ने एक आरोपी की पहचान कर ली है। पुलिस ने घेराबंदी कर गांजे से भरी इनोवा कार को पकड़ा। जब्त किए गए गांजे का वजन 1 क्विंटल 45 किलोग्राम है,




जिसकी बाजार कीमत 29 लाख रुपये आंकी गई है। तस्करी में इस्तेमाल की गई कार की कीमत भी लगभग 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

**मुख्य आरोपी की थी पुलिस को तलाश:** सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार के अनुसार, शहरी क्षेत्र में गांजा सप्लाई में नागौद थाना अंतर्गत ग्राम डुड़हा निवासी महेश दाहिया की संलिप्तता लगातार सामने आ रही थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि रविवार रात को महेश और उसके साथी मादक पदार्थ की बड़ी खेप शहर में लाने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की।

**घेरा तोड़कर कार छोड़ भागे:** मैहर बाइपास पर एक के पीछे एक दो गाड़ियां आती दिखीं। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने घेरा तोड़ दिया। पकड़े जाने के डर से वे कुछ दूर जाकर इनोवा कार को सड़क किनारे छोड़कर दूसरे वाहन में बैठकर फरार हो गए।

**8 बोरियों में भरा था गांजा:** पुलिस टीम ने अंधेरे में बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में लावारिस छोड़ी गई कार की तलाशी ली गई, जिसमें 8 बड़ी बोरियों में एक-एक किलो के पैकेट में गांजा बरामद हुआ।

**4 लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस:** पुलिस ने आरोपी महेश, वाहन मालिक और अन्य 2 अज्ञात आरोपियों सहित कुल 4 लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, फरार हुए तस्करों का संबंध कुख्यात तस्कर अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा से बताया जा रहा है।

पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## घर में घुसे 5 नकाबपोश बदमाश, सायरन बजते ही भागे; पुलिस तलाश में जुटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विराट नगर में रविवार देर रात एक घर में पांच नकाबपोश बदमाश बड़ी वारदात के इरादे से घुस गए। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। बदमाश घर में बाउंड्री कूदकर दाखिल हुए, लेकिन जैसे ही वे सीसीटीवी कैमरे के सामने आए, सायरन बज उठा। सायरन की तेज आवाज सुनकर बदमाश मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विराट नगर निवासी निरंजन शर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो मकान अगल-बगल हैं और अंदर से जुड़े हुए हैं। रविवार रात पूरा परिवार खाना खाकर सो गया था।

**रात 2:55 पर घुसे, 3:05 पर बजा सायरन:** तकरीबन 2 बजकर 55 मिनट पर पांच नकाबपोश बदमाश नए घर की बाउंड्री कूदकर अंदर दाखिल हुए। वे सायरन बजने तक घर की रेकी करते दिखे। रात करीब 3 बजकर 5 मिनट पर सीसीटीवी कैमरे का सायरन तेज आवाज में बज उठा, जिससे परिवार की नींद खुल गई।



**कैमरे की रोशनी में आते ही भागे बदमाश:** जैसे ही बदमाश रोशनी में कैमरे के सामने आए, सायरन बज गया और वे पांचों घबराकर मौके से फरार हो गए। परिवार के सदस्यों ने बाहर निकलकर कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी, तो पूरी घटना सामने आई। हैरानी की बात यह है कि घर में विदेशी नस्ल का एक कुत्ता होने के बावजूद बदमाशों की आहट उसे नहीं मिली थी।

**पुलिस फुटेज के आधार पर कर रही जांच:** निरंजन शर्मा ने घटना की जानकारी सिविल लाइन टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार को दी और सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। बताया गया है कि विराटनगर और आसपास के इलाकों में पहले भी संगठित गिरोहों की संदिग्ध गतिविधियां देखी जा चुकी हैं।

## जीवनभर दी शिक्षा, अब देहदान कर दी मिसाल, वीरेंद्र सिंह ने लिया जीवनकाल पश्चात देहदान का संकल्प

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जीवनभर बच्चों को शिक्षा दी और अब मृत्यु के बाद भी शिक्षण कार्य से जुड़े रहने का संकल्प लिया, यह मिसाल पेश की है मुकाम जाखी सितपुरा निवासी वीरेंद्र सिंह ने। मंगलवार, 11 नवंबर को उन्होंने जीवनकाल पश्चात देहदान का संकल्प लेकर समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

**महंत स्वामी खिम्यादास की प्रेरणा से उठाया कदम:** संत मोतीराम आश्रम के महंत स्वामी खिम्यादास महाराज की प्रेरणा से प्रभावित होकर वीरेंद्र सिंह ने यह निर्णय लिया। आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने बताया कि संकल्प लेने के बाद वीरेंद्र ने कहा — देहदान उत्तम परोपकार कार्य है, इससे मृत्यु के बाद भी किसी का जीवन रोशन किया जा सकता है।

**131 लोग अब तक ले चुके हैं देहदान का संकल्प:** विनोद गेलानी ने जानकारी दी कि स्वामी खिम्यादास समाज में




देहदान की अलख जगाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा से अब तक 131 लोगों ने जीवनकाल पश्चात देहदान का संकल्प लिया है।

**सम्मान समारोह में हुआ संकल्प पत्र वितरण:** इस अवसर पर अतुल दुबे एवं जेपी निगम (एडवोकेट) ने वीरेंद्र सिंह के निवास पर पहुंचकर उन्हें संकल्प पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**साधुवाद देने वालों में शामिल रहे:** भाई प्रह्लाद, अतुल दुबे, पद्मधर पांडे, मनोहर मोरयानी, गोपीचंद कापड़ी, बिमल मित्रा, नमो नारायण खत्री, मुकेश अग्रवाल, और अनिल चौरसिया उपस्थित रहे तथा सभी ने वीरेंद्र सिंह के इस निर्णय की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।

## दबंगों ने वन विभाग की टीम से ट्रैक्टर छुड़ाया, अवैध जुताई रोक रही महिला रेंजर को धमकी; कर्मचारियों से बदसलूकी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के नागौद इलाके में वन विभाग की टीम से दबंगों द्वारा एक ट्रैक्टर छुड़ाने का मामला सामने आया है। यह घटना रविवार देर शाम की है। टीम ने ट्रैक्टर को वन भूमि पर अवैध रूप से जोताई करते हुए पकड़ा था। जब वे जब्ती की कार्रवाई कर रहे थे, तभी 15-20 लोगों ने टीम को घेर लिया, बदसलूकी की, जान से मारने की धमकी दी और ट्रैक्टर को बलपूर्वक छुड़ा ले गए। इस दौरान महिला रेंजर पूर्वी सिंह परिहार को भी धमकी दी गई। वन विभाग ने इस मामले में अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया है। नागौद रेंजर पूर्वी सिंह परिहार ने बताया कि 9 नवंबर की शाम करीब 5:35 बजे बीट गार्ड धीरज शर्मा और परिक्षेत्र सहायक शैलेंद्र प्रताप सिंह वृक्षारोपण क्षेत्र पी-322 से लौट रहे थे। उन्होंने पी-322 और पी-323 की सीमा



पर वन भूमि में ट्रैक्टर से जोताई होते देखी। वन अमले ने इस पर आपत्ति जताई।

**आरोपी बोला- जमीन मेरी है, ट्रैक्टर निकलवाया:** इसी बीच, दुबहिया निवासी संदीप सिंह पिता रावेंद्र सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। उसने ट्रैक्टर को अपना बताते हुए दावा किया कि यह भूमि भी उसकी है। जब वनकर्मियों ने वैधानिक दस्तावेज मांगे, तो उसने कोई कागजात नहीं दिखाए। इसके बजाय, उसने फोन कर ट्रैक्टर को मौके से निकलवा दिया और वनकर्मियों से गाली-गलौज व बदसलूकी की।

**पीछा कर पकड़ा तो 20 लोगों ने घेरा:** वन परिक्षेत्राधिकारी नागौद के निर्देश पर अतिरिक्त स्टाफ मौके पर पहुंचा और ट्रैक्टर का पीछा कर उसे बरामद किया। जब्ती की कार्रवाई शुरू हुई। टीम जब ट्रैक्टर को लेकर वन चौकी पहाड़ी जा रही थी, तभी भुलौहा मोड़ के पास आरोपी संदीप सिंह, अरुण सिंह और उनके 15-20 साथियों ने वन स्टाफ को घेर लिया। आरोपियों ने वनकर्मियों के साथ गाली-गलौज, मारपीट की कोशिश की और बलपूर्वक ट्रैक्टर छुड़ा लिया। आरोपियों ने टीम को जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 156/06 दर्ज किया गया है।

**पहले भी हो चुके हैं वनकर्मियों पर हमले:** रेंजर ने बताया कि इससे पहले भी गुढ़ा बीट में कई बार वनकर्मियों पर हमले हो चुके हैं। 15 सितंबर 2025 को भी ट्रैक्टरों से अवैध जोताई के दौरान बीट गार्ड धीरज शर्मा और उनके साथियों पर हमला हुआ था। इसी तरह जुलाई 2024 और अगस्त 2020 में भी ट्रैक्टर जब्ती के दौरान वन अमले को घेरकर गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं हुई थीं। बीट पहाड़ी में भी 2020 और 2023 में मिश्रा बंधुओं और अन्य आरोपियों द्वारा वनकर्मियों को पीटा गया, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और शासकीय कार्य में बाधा डाली गई।

## संविधान का सम्मान करने वालों की पार्टी है भाजपा

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय, मोर्चा अध्यक्ष निरंजन प्रजापति, शैलेश गोकुल तथा उत्तम बाल्मिक सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के आदर्शों और संविधान के सम्मान के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहब के बताए मार्ग पर चल रही है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा संविधान को कुचलने और परिवारवाद को बढ़ावा देने का कार्य किया है।

परमार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाएं और अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करें। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि आगामी चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया जाएगा।

## जिले में नरवाई जलाने की 131 घटनायें सैटेलाइट मैपिंग में आई सामने

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषत: धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 2500 रूपये प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 5000 रूपये प्रति घटना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 15000 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति देय होगी।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के समस्त अनुविभागों में 11 नवम्बर 2025 तक 131 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें रघुराजनगर में 4, कोठी में 3, रामपुर बघेलान में 27, कोटर में 8, मझगवां में 5, बिरसिंहपुर में 11, नागौद में 12 तथा उचेहरा में 29 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 8, मैहर में 23 तथा रामनगर में 32 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आज तहसील कोठी में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा 12 नवम्बर को सतना जिले की तहसील कोठी का भ्रमण करेंगे। जिसमें जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने के लिये 12 नवम्बर को दोपहर 12 बजे तहसील कोठी अंतर्गत जय हिन्द डेन्टल क्लीनिक बस स्टैण्ड में उपस्थित रहेंगे।

## गैवीनाथ मंदिर परिसर में अश्लील इशारों के साथ रील बनाई, आतिशबाजी करते युवकों का वीडियो वायरल; पुलिस जांच में जुटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के बिरसिंहपुर स्थित प्रसिद्ध गैवीनाथ मंदिर परिसर में खतरनाक आतिशबाजी और अश्लील इशारे करते हुए रील बनाने का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो सोमवार देर शाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह वीडियो दीपावली या देवउठनी एकादशी की देर रात का हो सकता है। इसमें कुछ स्थानीय युवक मंदिर परिसर में कई तरह के पटाखे जलाते हुए अभद्र हरकतें करते दिखाई दे रहे हैं।

**थाना प्रभारी बोले- जल्द होगी वैधानिक कार्रवाई:** सभापुर थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने



वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है। वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**लोगों में भारी आक्रोश, कार्रवाई की मांग:** इस वीडियो को लेकर बिरसिंहपुर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वीडियो बनाने वाले युवकों को तुरंत पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों पर ऐसी अभद्र हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

**प्रमुख धार्मिक स्थल है गैवीनाथ मंदिर:** उल्लेखनीय है कि गैवीनाथ मंदिर सतना जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां हर साल सावन और शिवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए अश्लील वीडियो बनाना समाज में गलत संदेश देने वाला कृत्य माना जा रहा है। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## नशे की तस्करी में अब महिलाएं भी लिप्त, पुलिस की बढ़ी चिंता

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में नशे का जाल अब महिलाओं तक फैलता जा रहा है। पहले जहां महिलाएं नशे का सेवन करती हुई देखी जाती थीं, अब वे नशे के अवैध व्यापार में भी शामिल पाई जा रही हैं। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन प्रहार-2 अभियान के तहत नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई में पुरुषों के साथ-साथ कई महिलाएं भी पकड़ी जा रही हैं।


10 नवंबर को थाना धारकुंडी पुलिस ने ग्राम बिटमा मोड़ के पास दबिश देकर सोनू कोल (उम्र 35 वर्ष, निवासी विजयपुर) को पकड़ा, जिसके पास से 400 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पूर्व में रामनगर और अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को शराब व गांजा बेचते हुए पकड़ा जा चुका है। हाल ही में गहरा नाला क्षेत्र में एक महिला को घर से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया था। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि महिलाओं में शराब, बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू का सेवन तेजी से बढ़ रहा है।

### दिल्ली ब्लास्ट के बाद सतना में हाई अलर्ट

## रात भर चली वाहनों की चेकिंग, होटलों-लॉज में भी दबिश; रेलवे स्टेशन पर जीआरपी- आरपीएफ मुस्तैद

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट के बाद सतना पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। केंद्र सरकार और एमपी डीजीपी के निर्देशों के बाद सतना एसपी हंसराज सिंह ने जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार देर रात तक शहर के चौराहों, होटलों, लॉज और रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने सघन तलाशी ली और वाहनों की जांच की। केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

**एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को दिए निर्देश:** इसी



क्रम में सतना एसपी हंसराज सिंह ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को संवेदनशील तथा सार्वजनिक महत्व के स्थानों पर सर्चिंग, पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। एसपी के निर्देश के बाद होटलों, लॉज, ढाबों और रैन बसेरा में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**रात भर चौराहों पर वाहनों की जांच:** सोमवार देर रात तक शहर के चौराहों पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की जांच की गई। बाहर से आने वाले चार पहिया वाहनों की डिग्गियों की तलाशी ली गई। रीवा रोड पर कोलगवां थाने के सामने भी वाहनों को रोककर जांच की गई। इसके अतिरिक्त, वज्र वाहन और डायल 112 के साथ पुलिस बल ने शहर के संवेदनशील इलाकों में रात में गश्त की। इस दौरान आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ कर निगरानी की गई।

**रेलवे स्टेशन पर भी जीआरपी- आरपीएफ अलर्ट:** रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आरपीएफ और जीआरपी ने प्लेटफॉर्मों तथा आने-जाने वाली ट्रेनों में निगरानी तेज कर दी है। यात्रियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की समझाइश दी गई है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए लगाई गई डयूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत सतना जिले में तीर्थ यात्रा रामेश्वरम-मदुरई 23 नवम्बर से 29 नवम्बर तक तीर्थ यात्रियों के साथ ट्रेन में जाने के लिए अधिकरी-कर्मचारियों की डयूटी पर्यवेक्षक, अनुरक्षक एवं रिजर्व दल में लगाई गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार लालमणि पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक तहसील नागौद विवेक यादव, राजस्व निरीक्षक उप तहसील जैतवारा अरूण सिंह तथा राजस्व निरीक्षक तहसील रामपुर बघेलान पन्नालाल रावत की डयूटी अनुरक्षक में लगाई गई है।

इसी प्रकार प्रभारी नायब तहसीलदार वृत्त सिंहपुर सुदामा प्रसाद कोरी, राजस्व निरीक्षक तहसील कोटर सुरेन्द्र कुमार तिवारी तथा राजस्व निरीक्षक तहसील रघुराजनगर तोतालाल बंसल को रिजर्व दल में रखा गया है।

अनुरक्षक ट्रेन के प्रस्थान होने के उपरांत प्रति चार घंटे में तीर्थ यात्रियों की कुशलता के संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मार्थ शाखा कलेक्ट्रेट सतना एवं कार्यालय संचालक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को अवगत करायेंगे।

यह भी सुनिश्चित करेंगे कि तीर्थ यात्रियों को निर्धारित समय पर भोजन, नाश्ता, एवं पेयजल की व्यवस्था हो। साथ ही पर्यवेक्षक आईआरसीटीसी द्वारा की गई समस्त व्यवस्थायें भोजन, नाश्ता, पेयजल, शौचालय की स्थिति, तीर्थ स्थल पर रूकने की व्यवस्था के संबंध में प्रतिवेदन कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि 23 नवम्बर यात्रा प्रस्थान होने के दिन रेल्वे स्टेशन सतना में ट्रेन आने के 3 घंटे पूर्व उपस्थित होकर यात्रा के लिए निर्धारित ट्रेन में तीर्थयात्रियों की आवंटित कोटा, सीट अनुसार बैठाना सुनिश्चित करायें। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित समस्त नियम निर्देशों के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों को सुव्यवस्थित ढंग से गंतव्य स्थान तक ले जाने एवं वापस लाने का उत्तरदायित्व सौपा गया है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।